




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



आवश्यकता है

ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-

सुनालिया ज्वेलर्स

पावर हाउस रोड कोरबा



वर्ष 34 अंक 340 | कोरबा, रविवार, दिनांक 10 सितम्बर 2023 डाक 11 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड के दौरान कैडेटों ने मार्च पास्ट किया



**देश-विदेश**

सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली में आयोजित डिनर प्रोग्राम में हुए शामिल कई नेताओं से की मुलाकात



**कोरिया जिला**

एक साल पूरे हुए भारत जोड़ो यात्रा को जिले में, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम




# ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने पत्नी के साथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, अक्षरधाम मंदिर निदेशक बोले- वो श्रद्धावान इंसान

**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक रविवार सुबह पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने रीति-रिवाज के साथ भगवान स्वामी नारायण के दर्शन किए। पीएम सुनक बारिश के बीच ही पत्नी के साथ मंदिर पहुंचे थे। जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत पहुंचने पर प्रधानमंत्री सुनक ने कहा था कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। उधर, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा अक्षरधाम मंदिर में पूजा करने पर मंदिर निदेशक ज्योतिंद्र दवे ने कहा कि उनकी पूजा बहुत (देर तक) रही और जो उनके साथ रहे वे कह रहे थे कि हमारे पास समय कम हैं लेकिन हम उनको कैसे रोक सकते थे। उन्होंने श्रद्धा के साथ पूजा की। उन्होंने कहा कि हमने उनको अक्षरधाम मंदिर दिखाया और उनको एक मॉडल भी दिया जिससे उनको मंदिर की याद रहे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं जिनको हमने उपहार भी दिए। वे एक दम श्रद्धावान इंसान हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा कहे गए आई एम ए प्राउड हिंदू (मुझे हिंदू होने पर गर्व है) के सवाल पर अक्षरधाम मंदिर के निदेशक ज्योतिंद्र दवे ने कहा कि यह एक दम सच बात है। हमने जो आज देखा वह एक दम पूर्ण रूप से सच बात है। उनकी आंखों, क्रियाओं में जो प्रेम, भक्ति थी वह सच में एक भक्त की थी। एक राजकीय नेता की नहीं थी। एक प्रधानमंत्री की नहीं थी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हाल ही में इंग्लैंड में आयोजित मोरारी बापू की कथा में पहुंचे थे। यहां उन्होंने रामायण जी की आरती की थी। कथा को संबोधित करने की शुरुआत ब्रिटिश पीएम ने जय श्री राम के जयकारे के साथ की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि हिंदू धर्म उनके जीवन के हर पहलू में उनका मार्गदर्शन करता है और उन्हें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में सर्वश्रेष्ठ करने का साहस देता है। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा था कि मैं यहां एक हिंदू के रूप में आया हूं। मेरे लिए धर्म बहुत व्यक्तिगत मामला है। प्रधानमंत्री बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें कई कठिन फैसले लेने होते हैं, कठिन विकल्प होते हैं और मेरा धर्म मुझे अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की साहस और शक्ति देता है। पिछले साल अक्तूबर में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद से प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक की यह पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और ब्रिटेन इतिहास और संस्कृति के मजबूत संबंधों से बंधे हैं। यूके के साथ भारत के बहुआयामी द्विपक्षीय संबंध 2004 में रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड होने के साथ मजबूत हुए।

## राजघाट पर एकत्र हुए पीएम मोदी समेत जी 21 देशों के राष्ट्राध्यक्ष, बापू को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित



**नई दिल्ली 10 सितम्बर।** भारत में जी21 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन सभी नेता दिल्ली में राजघाट पर एकत्र हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अन्य राष्ट्राध्यक्षों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार सुबह राजघाट पर जी21 नेताओं की अगवानी की। पीएम मोदी ने जी20 नेताओं को अंगरखा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पृष्ठभूमि में बापू कुटी का चित्र दिखाई दिया। महाराष्ट्र में वर्धा के पास सेवाग्राम आश्रम में स्थित बापू कुटी 1936 से लेकर 1948 में महात्मा गांधी के निधन तक उनका निवास स्थान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, राजघाट पर जी 20 परिवार ने शांति, सेवा, करुणा और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जैसे-जैसे विविध राष्ट्र एकजुट हो रहे हैं, गांधी जी के शाश्वत आदर्श सामंजस्यपूर्ण, समावेशी और समृद्ध वैश्विक भविष्य के लिए हमारी सामूहिक दृष्टि का मार्गदर्शन करते हैं।

## पीएम मोदी ने शॉल पहनाकर किया स्वागत



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजघाट पर जी20 नेताओं की अगवानी की। यहां पर सभी विदेशी मेहमान, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सबसे पहले कार्यक्रम स्थल पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा पहुंची। नरेंद्र मोदी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को खादी का शॉल पहनाकर स्वागत किया। महात्मा को श्रद्धांजलि देने के बाद नेता लीडर्स लाउंज में शांति दीवार पर भी हस्ताक्षर करेंगे।*

## ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने पत्नी के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की











# ये बाली नहीं, नई दिल्ली है, इंडोनेशिया के जी 20 घोषणापत्र से तुलना पर जयशंकर की दो टूक



**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी20 नेताओं के घोषणापत्र में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का जिक्र करने से परहेज किया गया, जिसको कई विशेषज्ञ भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत बता रहे हैं। घोषणापत्र में सभी देशों से एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करने के सिद्धांत का पालन करने का आह्वान भी किया गया। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस घोषणापत्र की तुलना पिछले साल बाली में हुए जी20 के घोषणापत्र से तुलना पर एतराज जताया है।

भारत ने ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ वार्ताओं के बाद विवादास्पद मुद्दे पर जी20 देशों के बीच एक आम सहमति बनाई, जिसे बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि इन तीन देशों ने घोषणापत्र पर आम सहमति बनाने में मदद की, जिसे हर सदस्य देश की मंजूरी मिली। पिछले नवंबर में जी20 के बाली शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र में यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता की कड़े शब्दों में निंदा की गई थी, जबकि अधिकांश सदस्यों ने युद्ध की कड़ी निंदा की थी। इसको लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, बाली घोषणा के साथ तुलना के संबंध में, मैं केवल यही कहूंगा कि बाली बाली था और नई दिल्ली नई दिल्ली है। मेरा मतलब है, बाली में एक साल पहले कार्यक्रम हुआ था, तब स्थिति अलग थी। तब से कई चीजें बदली हैं। घोषणापत्र में कुल मिलाकर आठ पैराग्राफ हैं, जिनमें से सात वास्तव में यूक्रेन मुद्दे पर केंद्रित हैं। जयशंकर ने आगे कहा, मुझे लगता है कि नई दिल्ली घोषणापत्र आज की स्थिति और चिंताओं का जवाब देती है, जैसे बाली घोषणापत्र ने उस स्थिति में किया था जो एक साल पहले थी। विदेश मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली जी20 घोषणा केवल यूक्रेन में युद्ध का उल्लेख करता है और दुनिया भर में भारी मानवीय पीड़ा और युद्धों और संघर्षों के प्रतिकूल प्रभाव पर गहरी चिंता का उल्लेख करता है।

# प्रशांत भूषण की ओडिशा सरकार को चेतावनी, कहा- किसानों को जमीन वापस नहीं दी तो केस करेंगे

**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**



पुरी सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख वकील और कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने ओडिशा सरकार को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार शीर्ष अदालत के फैसले के बाद भी वेदांता विश्वविद्यालय की जमीन किसानों को वापस नहीं देती है तो उसके खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दायर करेंगे। दरअसल, भूषण शनिवार को सुप्रीम कोर्ट से मिली वेदांता विश्वविद्यालय संघर्ष समिति की जीत का जश्न मनाने के लिए पुरी जिले के बेलाडाला गांव में किसानों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल अप्रैल में उड़ीसा हाईकोर्ट के साल 2010 के फैसले को बरकरार रखा था, जिसने प्रस्तावित विश्वविद्यालय के लिए लगभग 6,000 एकड़ जमीन हासिल करने के लिए ओडिशा सरकार द्वारा शुरू की गई भूमि अधिग्रहण कार्यवाही को रद्द कर दिया था।भूषण ने कहा कि राज्य सरकार को प्रभावित किसानों को जमीन लौटाना शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि जमीन का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ, इसलिए किसानों को उनके प्लॉट वापस मिलने चाहिए। साथ ही उन्होंने उस तरीके की भी निंदा की, जिस तरह से राज्य और केंद्र सरकारें ओडिशा में विभिन्न कॉर्पोरेट फर्मों को खदानें आवंटित कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खदानों का आवंटन मानदंडों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। कहा कि अगर यह प्रथा जारी रही, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत कम खनिज बचेगा।

## माफिया विनोद उपाध्याय पर एक लाख का घोषित किया गया इनाम चार महीने से क्राइम ब्रांच के साथ एसटीएफ को छका रहा बदमाश

**गोरखपुर 10 सितम्बर।** माफिया विनोद उपाध्याय अब एक लाख रुपये का इनामी हो गया है। अपर पुलिस महानिदेशक जोन अखिल कुमार ने शनिवार को पहले से घोषित 50 हजार रुपये की इनाम की राशि बढ़ा दी। चार माह से एसटीएफ के साथ क्राइम ब्रांच व जिले के दो थानों की पुलिस विनोद उपाध्याय को तलाश रही है। मूलरूप से अयोध्या जिले के मया बाजार स्थित उपाध्याय का पुरवा के रहने वाले विनोद उपाध्याय का नाम जिले के टाप-10 और प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल है।

# तड़के 5 बजे रायपुर पुलिस ने की छापेमारी, 112 अपराधी गिरफ्तार

**रायपुर, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा उदयन बेहार, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश चौधरी, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन मनोज ध्रुव, उप पुलिस



अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा के नेतृत्व में प्रभारी ए.सी.सी.यू., थाना प्रभारी मुजगहन, पुरानी बस्ती, खम्हारडीह, तेलीबांधा, सिविल लाईन, कबीर नगर, आजाद चौक, डी.डी.नगर, सरस्वती नगर, पंडरी, विधानसभा, गंज, मौदहापारा, गोलबाजार, गुढ़ियारी, खमतराई, उरला, धरसींवा, टिकरापारा, कोतवाली एएवं आमानाका सहित रायपुर पुलिस के अन्य अधि./कर्म एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम सहित लगभग 100 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा आज तड़के प्रातः 05:00 बजे अलग - अलग स्थानों में गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों सहित पुराने अपराधियों के विरूद्ध छापेमारी/चेकिंग कार्यवाही किया गया।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# ट्रेनों को रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस का चरणबद्ध आंदोलन, 13 सितंबर को करेंगे उग्र प्रदर्शन



**रायपुर, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

यात्री ट्रेनों का लगातार परिचालन रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इसके लिए रणनीति तय कर ली गई है। 10, 11 और 12 सितंबर को शहर के समस्त चौक-चौराहों पर पंपलेट और पोस्टर चस्पा कर केंद्र सरकार की नाकामी को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। 13 सितंबर को रेलवे स्टेशन के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ट्रेनों से अधिकतर मध्यमवर्गी लोगों के साथ मजदूरों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। ट्रेनों का परिचालन रद्द होने से उनका काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। केंद्र सरकार द्वारा बुजुर्गों और छात्रों को मिलने वाली रियायतें भी खत्म कर दी गई हैं। साथ ही प्लेटफार्म टिकट भी कई गुना महंगा हो गया है। विधायक अरुण वोरा ने कहा कि रेल सस्ता और सुलभ परिवहन का साधन है, जिसको केंद्र सरकार निजी हाथों में बेचने का षड्यंत्र कर रही है। इसी कारण से ट्रेनों को हफ्ते तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले रेल यात्री रिजर्वेशन कराकर रखते हैं और एन मौके पर ट्रेनों को रद्द कर दिया जाता है। ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा कि पहली बार रेल की पटरियों को सुना देखा गया है। इन पटरियों पर यात्री ट्रेनों के अलावा सिर्फ मालगाड़ियां ही दौड़ती नजर आती हैं। शहर प्रवक्ता बंशी कन्नौजे ने कहा कि प्रदेश की खनिज संपदाओं का भरपूर दोहन किया जा रहा है, लेकिन यहां के रहवासी यात्री ट्रेनों पर सफर नहीं कर पा रहे हैं।

## जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण को हिरासत में लिया गया, नायडू के समर्थन में विजयवाड़ा जा रहे थे

*विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश पुलिस ने जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण और नादेंडला मनोहर को एनटीआर जिले में एहतियातन हिरासत में ले लिया गया है। उन्हें विजयवाड़ा स्थानांतरित किया जा रहा है। फिलहाल उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। पवन कल्याण ने तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की निंदा की थी। वे पूर्व मुख्यमंत्री का समर्थन करने के लिए विजयवाड़ा की ओर जा रहे थे। हालांकि, विजयवाड़ा के लिए कल्याण की विशेष उड़ान को हैदराबाद से उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद पवन कल्याण सड़क मार्ग से रवाना हुए। उनके काफिले को एनटीआर जिले में दो बार रोका गया। इसके बाद पवन कल्याण गाड़ी से उतरकर पैदल ही विजयवाड़ा में मंगलागिरी की ओर चलना पड़ा।*

# रेल्वे को बेचने की साजिश रच रही मोदी सरकारः लालजीत

## कांग्रेस करेगी 13 को रेल रोकों आंदोलन



कोरबा। नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षडयंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महिनों, हफ्तों तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधायें इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है।जिसके खिलाफ प्रदेश व्यापी रेल रोको आंदोलन का ऐलान किया गया है। जिसके तहत 13 सितंबर को जिला मुख्यालय में आंदोलन किया जाएगा।

उक्त बातें धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। विधायक राठिया ने कहा कि कभी कोयला आपूर्ति के नाम पर तो कभी अन्य कारण बताकर जान बूझकर ट्रेनों को रद्द कर बदनाम करने की साजिश की जा रही है। ताकि लोग रेलवे से उब जाएं और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले कर सके। मोदी सरकार के पहले की केन्द्र सरकारें घाटा उठाकर भी रेल सुविधाओं का विस्तार करती रही। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है। श्री राठिया ने कहा कि भाजपा राज में रेलवे में मिलने वाली बुजुर्गों की छूट, छात्रों की रियायत खत्म कर दी गई। किराए में बेतहाशा वृद्धि, प्लेटफार्म टिकट में कई गुना वसूली यात्रियों से की जा रही है। बिलासपुर जोन जिसके अंतरगत छत्तीसगढ़ आता है यहां से केवल मालभाड़े से केन्द्र सरकार दो हजार से 2200 करोड़ रुपए हर साल कमाती है। जब सुविधा देने की बारी आ रही है तो विगत 9 साल से छत्तीसगढ़ की रेल यात्रियों को केन्द्र की उपेक्षा ही मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित 9 सांसद इस मुद्दे पर मौन हैं। जिसके विरोध में 13 सितंबर को कोरबा रेलवे स्टेशन के आगे रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन से पूर्व धरना प्रदर्शन होगा। तीन दिनों तक आंदोलन को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रेसवार्ता में महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सपना चौहान, नगर निगम सभापति श्यामसुंदर सोनी, संतोष राठौर सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# नाकाबंदी को सफल बनाने निकला मशाल जुलूस

**कोरबा।** रोजगार और पुनर्वास से जुड़ी मांगों पर छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में कोरबा जिले में भू-विस्थापितों के बीच सक्रिय दसियों संगठन लामबंद हो गए हैं और उन्होंने 11 सितम्बर को रेल और सड़क मार्ग से होने वाली कोयला ढुलाई को रोककर आर्थिक नाकाबंदी करने की घोषणा की है। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने से मशाल जुलूस निकाला जिसमें बड़ी संख्या में भू विस्थापित शामिल हुए। मशाल जुलूस के माध्यम से भू विस्थापितों ने एकजुटता प्रदर्शन किया।

आंदोलन को सफल बनाने के लिए आंदोलनकारी टोलियां बनाकर अनाज संग्रहण के जरिये भी ग्रामीणों से समर्थन मांग रहे है। भू-विस्थापितों के छोटे-बड़े सभी संगठनों के एकजुट होने का असर ग्रामीणों पर भी देखने को मिल रहा है। 11 सितम्बर को बड़ी संख्या में उनके सड़कों पर उतरने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरणों का निपटारा करने, मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने, महिलाओं को स्वरोजगार तथा पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने आदि मांगों को लेकर अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे। छत्तीसगढ़ किसान सभा ने उनको एकजुट करने की पहलकदमी की है। छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू-विस्थापितों के संगठनों ने कहा है कि उनका आंदोलन तभी खत्म होगा, जब एसईसीएल प्रबंधन रोजगार, मुआवजा, बसावट, पट्टा और जमीन वापसी के सवाल पर उनके पक्ष में निर्णायक फैसला करेगा।

## प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

कोरबा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 11 सितंबर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में ट्राई इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कुसमुण्डा कोरबा द्वारा ब्लॉक मैनेजर के 05 पद, सुपरवाइजर के 25 पद तथा एडवाईजर के 80 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसी प्रकार लक्ष्य ग्रुप ऑफ कंपनी घंटाघर कोरबा स्वरोजगार (हेतु भी रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

# अखबार वितरक संघ का कार्य सराहनीय : महापौर

## हैडविल व पंपलेट बांटकर मतदाताओं को कर रहा जागरूक



कोरबा। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने निर्वाचन आयोग से जारी आम मतदाताओं को जागरूक करने हेतु दिशा निर्देश का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने मतदाताओं के लिए पंपलेट छपवा कर समाचार पत्रों के माध्यम से वितरण कर सराहनीय कार्य कर रही है। इससे अधिक से अधिक मतदाता नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने में मतदाताओं को लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अखबार वितरक संघ ने हैंड बिल छपवा कर दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से घर-घर तक मतदाता जागरूकता अभियान में एक कड़ी के रूप में कार्य कर रही है। इसके तहत आम मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग से जारी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने, संशोधन आदि से संबंधित मतदाताओं को जागृत करने हेतु हैंड बिल के माध्यम से कोरबा शहर में अभियान चलाया गया है। अभियान का शुभारंभ महापौर राजकिशोर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर तेज सिंह मोटर ड्राइविंग संस्थान के डायरेक्टर बीएन सिंह, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधीया सहित मॉर्निंग वॉक में निकले गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की ओर से पंपलेट छपवाकर दैनिक समाचार पत्रों माध्यम से वितरित किया गया, जिसकी सराहना महापौर सहित उपस्थित नागरिकों ने की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी लक्ष्मी राठौर, जय नेताम, रामा सिंह, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, रायसिंह, राजकुमार पटेल, बंटी कश्यप, कृष्णा निर्मलकर, दिलबाग सिंह, दिलीप यादव, विल्सन लाल, हर्ष नेताम, सुदीश गिरी, गोविंद देवांगन, सुनील साहू, बजरंग यादव, ओंकार, दीपक आदि उपस्थित थे।

# पार्किंग सुविधा को लेकर रेलवे अधिकारी गंभीर नहीं

कोरबा। रेलवे स्टेशन कोरबा में अफसर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं है। पार्किंग की सुविधा बंद हुए दो माह बीत गए, इस अवधि में प्रबंधन को एक ठेका कंपनी नहीं मिली। इसका फायदा चोरों के गिरोह उठा रहे हैं। एक माह के भीतर में अब तक पार्किंग से तीन बाइक की चोरी हो गई है। लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए प्रबंधन भी पीछे हट रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने कोरबा रेलवे स्टेशन की पार्किंग सुविधा का ठेका शुरू करने के लिए अब तक तीन बार निविदा जारी कर चुकी है। दो बार ठेका कंपनियों ने रुचि नहीं दिखाई है। अब तीसरी बार निविदा जारी की गई है।इस निविदा के फेर में नियमित रुप में रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा सहित अन्य स्टेशनों से दफ्तर, कारोबार के लिए आवाजाही करने वाले यात्रियों की चिंताएं बढ़ गई है। यात्री भले ही वाहन पार्किंग स्थल पर खड़ी कर रहे हैं, लेकिन ज्यादारतर उनका ध्यान असुरक्षित रुप से रेलवे पार्किंग पर खड़ी बाइक पर रहती है। पार्किंग पर खड़ी सैंकड़ों बाइक पर चोरों के गिरोह की नजर बनी हुई है। हर सप्ताह एक बाइक की चोरी कर रहे रहे हैं। इससे वाहन मालिकों को काफी नुकसान हो रहा है। लेकिन रेलवे प्रबंधन नुकसान को लेकर पीछे हट रही है। प्रबंधन का कहना है कि स्टेशन पर वाहनों खड़ी करने के लिए यात्री स्वयं ही जिम्मेदार है।

## आप ने बनाया प्रत्याशी

**कोरबा** । आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के 10 विधानसभा सीट से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई। कोरबा विधानसभा से पार्टी ने विशाल केलकर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वर्तमान में विशाल केलकर पार्टी में प्रदेश पदाधिकारी का दायित्व संभाल रहे हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में विशाल केलकर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ा था। उसके बाद आप में शामिल हो गए। यहां बताना होगा कि इस सीट से भारतीय जनता पार्टी ने भी लखनलाल देवांगन को प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतार दिया है। अब कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा किया जाना बाकी है। हालांकि उम्मीद जताई जा रही हैं की राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ही इस सीट से प्रत्याशी होंगे, बावजूद अधिकृत तौर पर घोषणा का इंतजार क्षेत्रवासियों को है। एक तरफ राजनीतिक पार्टियां उम्मीदवार घोषित कर रही है तो दूसरी ओर जिला निर्वाचन आयोग तैयारी में जुटा हुआ है। इस कड़ी में विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा व पाली-तानाखार चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। निर्वाचन के लिए इवीएम मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम, मतगणना रूम, तथा मतदान दल को सामग्री वितरण, मतदान दल से चुनाव उपरांत सामान की वापसी, तथा निर्वाचन बाद फिर से इवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के लिए चयनित आइटी कालेज झगरहा के बी एवं सी ब्लाक को आरक्षित किया है।



# महिलाओं ने घेरा बिजली कार्यालय

**कोरबा** । कोरबा जिलान्तर्गत पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा के गृह ग्राम एवं ग्राम पंचायत पोलमी के आश्रित ग्राम कारीछापर की दर्जनों महिलाओं ने बिजली व्यवस्था चरमराने का आरोप लगा पोड़ी स्थित बिजली ऑफिस का घेराव कर दिया। महिलाओं का आरोप है कि गांव मे कई महीने से बिजली नहीं है और कभी-कभार आती है तो पंखा तक नहीं चलता। किन्तु भारी भरकम बिजली बिल आ रहा है।

आक्रोशित महिलाओं ने बताया कि विधायक श्री केरकेट्टा से गुहार लगाई लेकिन बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया, तब महिलाओं ने सहायक अभियंता, विद्युत वितरण विभाग पोड़ी कार्यालय का घेराव कर दिया और जमकर नारे भी लगाए। घेराव करने वाली महिलाओं में शनिच कुंवर, सावित्री बाई, तिल बाई, राम बाई, चंदन बाई धनहार. मंगली बाई. बंधन कंवर. राजकंवर. मथरा बाई. रतन धनुहार, अन्नू बाई, अमरिताबाई, हर कुमारी, श्याम कुंवर सहित दर्जनों महिलाएं शाामिल थीं। सहायक अभियंता ने आश्वासन दिया हैं कि शीघ्र ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बहाल की जाएगी। आश्वासन पर महिलाओं ने कार्यालय का घेराव समाप्त किया और शनिच कुंवर ने बताया कि एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है, यदि एक सप्ताह में बिजली बहाल नहीं हुई और बिजली बिल नहीं सुधरा तो कार्यालय का घेराव के साथ चक्का जाम भी किया जाएगा।

## सत्ती केन्द्रों में हुई बैठक

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी की शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित की गई बैठक में कोरबा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी पूर्व महापौर लखन लाल देवांगन के आगमन पर जोरदार गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

## नायब तहसीलदार पद पर लव कुमार का चयन



कोरबा । सीजीपीएससी 2022 के जारी नतीजे में जिले के एक और बेटे ने कमाल कर दिया है । तहसील कटघोरा के ग्राम पंचायत नवापारा निवासी रामशरण सिंह कंवर ,श्रीमती जानकी देवी कंवर के पुत्र लव कुमार शानदार उपलब्धि हासिल कर नायब तहसीलदार के पद चयनित हुए हैं।

लव कुमार कंवर के पिता रामशरण सिंह कंवर पाली विकासखण्ड के ग्राम रतिजा में सचिव के पद पर उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। लव ने अपनी सफलता का श्रेय माता जानकी देवी कंवर - पिता रामशरण सिंह कंवर एवं नाना लालसिंह पैकरा,नानी अंजोर बाई पैकरा को दिया है। बताते चलें कि बचपन से होनहार लव कुमार की प्रारंभिक शिक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी तक सरस्वती शिशु मंदिर जमनीपाली में हुआ है । लव के नाना एनटीपीसी कर्मचारी थे जो वीआरएस लेकर गृह ग्राम नवापारा आ गए थे। लिहाजा लव की कक्षा चौथी पांचवी की शिक्षा सरस्वती ज्ञान मंदिर रजकम्मा में हुई । जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित लव ने कक्षा छठवीं से दसवीं तक की शिक्षा नवोदय में पूरी करने के बाद अफसर बनकर समाज की सेवा के संकल्प के साथ 11 वीं, 12 वीं की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर से पूरी की । महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ ही साथ इन्होंने अफसर बनने के अपने सपने को साकार करने पीएससी की कोचिंग शुरू कर दी । और अंततः सीजीपीएससी 2022 -23 की परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए । परिवार ,समाज एवं कोरबा जिले का नाम रौशन किया। लव की उपलब्धि पर स्वजन , मित्रजनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। लव का मानना है कि मेहनत एक दिन जरूर रंग लाती है ,संघर्ष हमें थकता जरूर है लेकिन अंदर से मजबूत बनाता है ,और मजबूत इंसान मजबूत नेक इरादों के साथ हर कठिन लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहता है।

## वरिष्ठजन कल्याण समिति का मनाया गया 16वां स्थापना दिवस

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत बालको नगर क्षेत्र में वार्ड-35 के हाउसिंग बोर्ड स्थित अनुभव भवन में बालको सेवा निवृत्त मैत्री संघ का 16वां स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरबा जिला नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के द्वारा संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ सदस्य हरि गोविन्द ताम्रकार, लच्छी राम यादव एवं के.पी. सोनी को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया। उन सभी वरिष्ठ सदस्यों को भी शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है। जिनमे मुख्यतः अशोक कुमार कसेर, दीनबंधु चौबे, धनीराम चन्द्रा, भीखार साव के साथ उन 6 सदस्यों का भी सम्मान किया गया जो इस वर्ष सँघ से जुड़े हैं। जिनमे बिपिन सिंग, गौरंग शाह, दाता राम, देस राम साहू, पी.आर. डोलस्कर, बसंत कुमार तिवारी मुख्य रूप से रहे। कार्यक्रम का संचालन पी.एल. सोनी ने किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती को पुष्प अर्पित किए गए। बालको सेवा निवृत्त मैत्री संघ के अध्यक्ष के.एन. सेठ के स्वागत उद्बोधन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सभी के लिए अलग-अलग प्रकार के खेलों का भी प्रबंध था, जिसका संचालन आरती सोनी के द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डी.एस. बनाफर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन रात्रि भोज के साथ संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में 100 से अधिक वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया।

# जामवाल पहुंचे लखन निवास



कोरबा। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल कोरबा जिले के दौरे पर रहे। भारतीय जनता पार्टी कोरबा विधानसभा भाजपा की कोर कमेटी समन्वय समिति की बैठक एवं आगामी रायगढ़ में प्रधानमंत्री के आगमन एवं विशाल आम जनसभा को लेकर कोरबा के गणेश होटल में बैठक हुई।

जामवाल ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तथा विधानसभा कोर कमेटी को कोरबा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन को अधिक मतों से विजय बनाने कार्यकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से संगठन प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल, संगठन सह प्रभारी गोपाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, कोरबा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास महतो, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, जिला उपाध्यक्ष और कोरबा विधानसभा संयोजक डॉ. आलोक सिंह के साथ-साथ समन्वय समिति के सदस्य और प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन के निवास स्थान चारपारा कोहडिया पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी पूर्व महापौर लखन लाल देवांगन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रामकुमारी ने श्री जामवाल का श्रीफल एवं शाल भेंटकर स्वागत किया। साथ ही श्री जमवाल के साथ कोरबा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास महतो, कोरबा जिला प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल, सह प्रभारी गोपाल साहू का भी स्वागत किया।

# कोयला कामगारों को कोर्ट ने दिया झटका

**कोरबा।** जबलुपर हाईकोर्ट ने कोयला कामगारों के 11वें वेतन समझौते यानी एनसीडल्यूए- 11 को लागू करने के अनुमोदन (22 जून, 2023) को रद्द करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के जज मनिंदर भट्टी ने लोक उद्यम विभाग (डीपीई) से पूछा है कि इस संदर्भ में उसके दिशा- निर्देशों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। इसका जवाब देने के लिए 60 दिनों का वक्त दिया गया है।

60 दिनों के भीतर डीपीई को बताना होगा कि कोयला कामगारों के 11वें वेतन समझौते को लागू करने में उसके कार्यालय ज्ञापन दिनांक 24/11/2017 में निहित प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। यदि डीपीई का कहता है कि उल्लंघन हुआ है तो कोर्ट वेतन समझौते को रद्द कर सकता है। अन्यथा डीपीई को बताना होगा की उल्लंघन नहीं हुआ अथवा यह जानकारी देनी होगी कि गाइडलाइन शिथिल की गई है। 11वें वेतन समझौते के तहत कामगारों को 19 फीसदी एमजीबी का लाभ देने से वेतन ओवरलैपिंग की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको लेकर कनिष्ठ कोयला अधिकारियों ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने कोयला कामगारों को 19 फीसदी एमजीबी का लाभ देने संबंधी आदेश जारी करवा दिया था। कोयला कामगारों सितम्बर में अगस्त माह का बढ़ा हुआ वेतन भी प्राप्त हो चुका है। 23 माह का बकाया एरियर का भुगतान भी किया जा चुका है। यहां बताना होगा प्रारंभ से ही कोयला कामगारों के 11वें वेतन समझौते में डीपीई एक बड़ा मुद्दा रहा है। डीपीई से स्वीकृति लिए अथवा गाइडलाइन को शिथिल किए बगैर 19 फीसदी एमजीबी लागू करने का आदेश दबाव बनाकर जारी करवा दिया गया। जबकि कोल अफसरों के संगठन लगातार वेतन विसंगति को लेकर पत्राचार कर रहे थे।

# मिलेट्स पर गर्ल्स कॉलेज में हुआ व्याख्यान




**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह के मागदर्शन में मिलेट्स पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र प्रो. डॉ. तारा शर्मा एवं श्रीमती संध्या पाण्डेय, विभागाध्यक्ष हिन्दी उपस्थित हुए। व्याख्यान में डॉ. अंजली राय विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डॉ. ए.पी. सिंह विभागाध्यक्ष वाणिज्य , डॉ. विनोद कुमार साहू,विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर, सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र उपस्थित रहे। व्याख्यान माला का संचालन महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेज़ी कुजूर एवं श्रीमती मोनिका मिंज,सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान के द्वारा किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत् मिलेट्स (कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि) के पोषक मान, गुणों एवं खाद्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जनमानस में जागरूकता लाकर दैनिक आहार में शामिल करते हुए उत्पादन, उत्पादकता एवं विपणन को प्रोत्साहन करने के लिए भारत सरकार द्वारा महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान के आयोजन संबंधी निर्देश दिए गए हैं। इस तारतम्य में आज शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्यवक्ता प्रो. डॉ. तारा शर्मा ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां से मिलेट्स का उत्पादन होता रहा है, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में परिष्कृत अनाज ने मिलेट्स जैसे पौष्टिक आहार को मुख्य आहार से बाहर कर दिया। जिसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा। लेकिन अब पूरे विश्व ने मिलेट्स की उपयोगिता को जाना और उसके प्रति जागरूकता लाने का कार्य भारत सरकार कर रही है।

महाविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती संध्या पाण्डेय ने मिलेट्स के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि भोजन में षटरस का होना आवश्यक है। मिलेट्स में आसानी से उपलब्ध है। जिसमें रागी का उपयोग भोज्य पदार्थ के रूप में कर सकते हैं और डायबिटीज टाईप 1 टाईप 2 जैसे गंभीर बीमारी से दूर रहा था सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. ए.पी. सिंह ने कहा कि आज कृषक वर्ग मिलेट्स की खेती को सब्सीट्यूड एग्रीकल्चर के रूप में अपना रहे हैं क्योंकि कम रकबे और कम सिंचाई में इसका अधिक से अधिक उत्पादन हो सकता है।

आज के विशेष व्याख्यान के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.डेज़ी कुजूर के द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवक मंजुला, तुलसी, नेहा, अलका आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# कुचेना में धूमधाम से मना जन्माष्टमी का पर्व



**कोरबा।** कुचेना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यहां हर साल आयोजन में एक नया पन देखने को मिलता है। इस बार भी जन्माष्टमी प्रतियोगिता में सबसे पहले छोटे बच्चों के लिए जमीन में मटकी रखी गई थी, वहीं मटकी फोड़ में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।जिसमें मटकी ऊपर में बांधी गई थी और मटकी फोड़ने के लिए 10 युवाओं को एक दूसरे के कंधे पर चढ़कर मटकी फोड़े।कुचेना में 6 मटकी फोड़े गये। रहमान खान - अध्यक्ष युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा और युवा सेवा समिति कुचेना द्वारा सभी विजेता को 551रुपए नगद और श्रीफल पुरस्कार दिया गयाकार्यक्रम का अध्यक्षता रहमान खान अध्यक्ष युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा जी कर रहे थें ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनय बिंझवार जी, खेमचंद शर्मा जी, बी आर बंजारे जी, फीरत सिंह कंवर जी, चैत राम चौहान जी, रनमत चौहान जी ,उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि नूर मोहम्मद जी, नारायण कंवर जी, धीरपाल कंवर जी,सफी खान, कोटवार छेदीलाल जी, सतपाल कंवर जी समिति के अध्यक्ष शशि रंजन, उपाध्यक्ष निरज बंजारे, सचिव विकास यादव, शनिदेव ,सूरज बंजारे, प्रकाश कंवर, अमित, विक्रम कंवर,अभिनय कंवर, प्रमोद कंवर, पुनम केवट,अजय चौहान,विजय चौहान,सुभाष शोएब मिर्जा, हेमत गोसाई,सहित बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रामसुंदर दास के टिकट मांगने से अनेक नेताओं का वजूद खतरे में

## ईश्वर सेवा छोड़ राजनीति में जमे रहने का लग रहा आरोप

सीताराम नायक



**जांजगीर चांपा।** विधानसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा में टिकट मांगने वालों की लंबी कतारें है जहां महंत राम सुंदर दास का नाम सबसे ऊपर लिया जा रहा है वही पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त सचिव इंजी.रवि पांडेय, जिला पंचायत पूर्व सदस्य दिनेश शर्मा, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू, जनपद पंचायत नवागढ़ के उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह,राज्य खाद्य आयोग की सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप, रविंद्र द्विवेदी, गोपाल गुलशन सोनी सहित अनेक नेता टिकट मांग रहे हैं

परंतु इनमें से कुछ दावेदारों द्वारा महंत रामसुंदर दास को संत होकर ईश्वर सेवा में ध्यान देने तथा राजनीति छोड़ देने की बात कह रहे हैं। साथ ही यह बातें आम जनता में भी मुखर होने लगा है। जांजगीर चांपा विधानसभा में पिछले 20-25 सालों से कांग्रेस का टिकट पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन को मिलते रहा है जहां मोतीलाल देवांगन दो बार विधायक बने तो दो बार उन्होंने चुनाव हारे भी है।मोतीलाल की दावेदारी को आज भी लोग सहज नहीं मान रहे हैं क्योंकि टिकट मिलने का भरोसा आज भी उन्हीं पर ज्यादा है जब कांग्रेस की लहर चल रही थी ऐसी स्थिति में वह गलत मैनेजमेंट के कारण विधायक का चुनाव हार गए। अगर मोतीलाल देवांगन चुनाव नहीं हारते तो स्थिति आज कुछ अलग होती। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शर्मा कांग्रेस के राजनीति में एक महत्वपूर्ण नाम है जिन्होंने पिछले 40 सालों से राजनीति में रहकर जन सेवा का कार्य करते चले आ रहे हैं जिन्होंने अपनी दावेदारी को सबसे अधिक प्रबल माना है दिनेश शर्मा का राजनीतिक पकड़ न केवल जनता में बल्कि ऊपरी तौर पर आज भी बरकरार है। जिस कांग्रेस पार्टी में रहकर लंबे समय से राजनीति करते चले आ रहे हैं,इतने लंबे समय बाद भी कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दी,जो इस बार कांग्रेस पार्टी में प्रबलता से टिकट मांग रहे हैं जिनकी दावेदारी प्रबल दिखाई देता है।

कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगने वालों में प्रदेश संयुक्त सचिव इंजी.रवि पांडेय का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है इंजीनियर रवि पांडेय विगत 25 वर्षों से कांग्रेस की राजनीति से जुड़कर समर्पित एवं सेवा भाव से कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करने के साथ-साथ जनता के सुख और दुखों को बांटते आ रहे हैं। लोगों को इलाज के लिए शासन से सहयोग दिलाना तथा ग्रामीण विकास के लिए सरपंच एवं सचिवों को आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना उनकी हमेशा से स्वभाव रहा है।उनकी यही सेवा भाव से क्षेत्र की जनता आज उनसे बहुत प्रभावित है जिनका कहना है की मोतीलाल देवांगन और दिनेश शर्मा, महन्त रामसुंदर दास जैसे वरिष्ठ नेताओं का समय राजनीति में काफी लंबा हो गया है अब हमारे जैसे युवतियों को अवसर देना चाहिए यह कथन भी अपने आप में सही है क्योंकि रवि पांडेय का ग्रामीण क्षेत्र में विशेष कर युवाओं में एक अपनी पकड़ है तथा सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से वह चुनाव जीत भी सकते हैं।

आगे दावेदारों में प्रमुख नामो में ब्यास कश्यप का भी है जो वर्तमान में कृषि उपज मंडी समिति जांजगीर नैला के अध्यक्ष है। ब्यास कश्यप की खासियत यह है कि वह कृषक नेता होने के साथ-साथ वह भाजपा, बसपा एवं कांग्रेस पार्टी तीनों का परिक्रमा कर चुके हैं जिनमें स्थायित्व नहीं दिखती,किंतु चुनाव जीतने की उम्मीद से टिकट जरुर मांग रहे हैं। इस विधानसभा में कश्यप मतदाताओं की संख्या अधिक है इस नाते उनकी दावेदारी भी बनती ही है जो बसपा से चुनाव लड़कर 35हजार मत हासिल किए थे।

जांजगीर-चांपा विधानसभा के प्रमुख दावेदार के रूप में महंत रामसुंदर दास ने जो ताल ठोकी है इससे कांग्रेस के बहुत नेता लोग घबरा गए हैं तथा उनके दिलों की धड़कन तेज हो गई है क्योंकि महंत रामसुंदर दास पामगढ़,जैजैपुर से विधायक बनने के बाद अब जांजगीर चांपा से चुनाव मैदान में उतरना चाहते हैं। इनकी दावेदारी उनकी को प्रमुख माना जा रहा है जिन्हे टिकट मिलने पर चुनाव जीत भी सकते हैं।महन्त रामसुंदर दास अगर जांजगीर-चांपा विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे तो यहां के कांग्रेस के नेता लोग कहां जाएंगे? इनका भविष्य क्या होगा? इस बात की चर्चा अब आम जनता में होने लगी है। विधानसभा में टिकट के दावेदारों में नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल का नाम शामिल है जहां जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भेजे गए 6 नाम की श्रृंखला में राजेश अग्रवाल का भी नाम शामिल है। राजेश अग्रवाल, डॉ.चरणदास महंत के गरीबी नेताओं में गिने जाते हैं जिनके कार्य प्रणाली से महंत ही नहीं बल्कि चांपा की जनता खुश नजर आते हैं। विधानसभा के टिकट के दावेदारों में जनपद पंचायत नवागढ़ के उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी शामिल है जो इसके पूर्व जनपद पंचायत के अध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में इनका ठोस जन आधार माना जाता है।सामान्य सीट होने के कारण इस विधानसभा में पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं की भूमिका हम है इस नाते यहां जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू एवं महिला श्रीमती ज्योति किशन कश्यप की दावेदरी अहम मानी जा रही है जो युवा होने के साथ-साथ क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहते हैं। इसके अलावा पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, गोपाल गुलशन सोनी एव रविंद्र द्विवेदी भी कांग्रेस पार्टी से टिकट मांग रहे हैं कांग्रेस पार्टी में टिकट किसे मिलेगा यह तो समय पर ही पता चल सकेगा,परंतु छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास महंत के जांजगीर चांपा विधानसभा से टिकट मांगने से कांग्रेस के अधिकतर नेता हताश हो गए हैं जिनकी दावेदारी के सामने महंत भारी पड़ रहे हैं शायद कांग्रेस हाई कमान से मिले संकेतों से महंत जांजगीर चांपा क्षेत्र का दौर तेज कर दिए हैं। इससे कांग्रेस पार्टी के भीतर ही हलचल तेज हो गई है। टिकट के बहाने बिखरे इन कांग्रेस नेताओं को एक मंच पर लाना अब मुश्किल जान पड़ता है जो कांग्रेस के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है।



## एग्रीटेक कम्पनी कार्यालय का सभापति ने किया शुभारंभ

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के डीडी प्लाजा में संचालित एसआरके एग्रीटेक कम्पनी के कार्यालय का शुभारंभ जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू द्वारा किया गया। एसआरके एग्रीटेक कम्पनी द्वारा चंदन पौधा लगवाने का कार्य करती हैं। जिनका संचालन रामेश्वर सिंह के सुपुत्र मनीष सिंह ठाकुर द्वारा किया जा रहा हैं। इस दौरान सुकली से ब्रजेश सिंह, प्रदीप सिंह, सर्वेश सिंह, प्रीतम सिंह, श्री दुबे, अमित राठौर, वीरेंद्र राठौर, सुशील भारद्वाज, सौमित्र सिंह, राकेश सिंह, नमन सिंह, राहुल सिंह, प्रत्येक सिंह, युवराज सिंह, तरुण राठौर, सिक्कु सिंह, हिमांशु सिंह, कातेश श्रीवास, दया पटेल सहित समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## हाई स्कूल मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग और छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले में शत प्रतिशत मतदान और मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान हाई स्कूल मैदान जांजगीर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थित में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी स्कूल के छात्रों, दिव्यांग, तृतीय लिंगी मतदाताओं और हसदेव के हीरो के युवा व सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन की आकर्षक मानव श्रृंखला की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अधिकारी कर्मचारीयों तथा युवाओं सहित सभी मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, जिला उप निवार्चन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार, एसडीएम जांजगीर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कृषक हीरानंद कश्यप के कृषि फार्म का किया अवलोकन



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने समेकित कृषि करने वाले ग्राम पंचायत पचेड़ा के किसान हीरानन्द कश्यप के कृषि फार्म का अवलोकन किया। इस दौरान कृषक हीरानंद कश्यप ने बताया कि 10 एकड़ में उनकी जमीन है। पहले वह 10 एकड़ में धान की खेती करते थे, अब वह 5 एकड़ में मछली व मुर्गी पालन, कृषि वानिकी और डेयरी फार्मिंग कर रहे हैं तथा खेत के मेढ़ में अदरक एवं केला का उत्पादन भी कर रहे हैं, जिससे उन्हे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है एवं मछली व मुर्गी पालन से उन्हें प्रतिवर्ष 3 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने कृषक हीरानंद कश्यप की प्रशंसा की तथा उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव मदद करेगा। उन्होंने जिले के अन्य किसानों को समेकित कृषि से जोड़ने के लिए किसानों का भ्रमण और प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम सरवानी के जय सराईपाठ बीज उत्पादन सहकारी समिति मर्यादित का भी अवलोकन किया जहां सहकारी समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां धान, चना और मूंगफली एवं अन्य बीजों के उत्पादन प्रसंस्करण और विपणन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने किसानों को रबी फसल में धान के अतिरिक्त अन्य लाभदायक फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। इस दौरान जनपद सीईओ अनिल कुमार झा, सहायक संचालक मत्स्य, जे. बसवराज रेस्टोरेशन फाउंडेशन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आईटीआई बलौदा (महुदा) में 13 सितम्बर को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा ) में सुजुकी मोटर्स द प्लेसर (कैम्पस रिक्रूटमेंट पार्टनर) के द्वारा 13 सितम्बर 2023 प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) ने बताया कि सुजुकी मोटर्स द प्लेसर (कैम्पस रिक्रूटमेंट पार्टनर ) की ओर से 21500 रूपये मासिक की दर से एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न व्यवसाय (फिटर, मैकेनिक डीजल, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल) के ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कि 2017 से 2023 के बीच उत्तीर्ण हुये हैं एवं जिनकी आयु 18-24 वर्ष हो आवेदन कर सकते हैं। आवेदक उक्त तिथि को प्रातः 09 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज (10, 12वीं, आईटीआई, पेन कार्ड, आधार कार्ड की मूल एवं दो छायाप्रति वर्तमान पासपोर्ट फोटो की 03 प्रति) के साथ संस्था में उपस्थित हो सकतें हैं।

## रेल संपदा को निजी हाथों में बेचने की चल रही साजिशः प्रमोद नायक



**जांजगीर-चांपा।** भाजपा सरकार जब से केंद्र में बैठी है तब से यात्रियों की सुविधा को दरकिनार किया जा रहा है जहां निजी हाथों में रेल सुविधाओं को बेचने का लिए षड़यंत्र हो रहा है जिससे देश को भारी नुकसान होने का अंदेशा है । उक्त बातें कल सर्किट हाउस में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक ने एक प्रेस वार्ता में कहीं । उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केंद्र सरकार द्वारा यात्री सुविधाओं को दरकिनार करते हुए माल गाड़ियों को प्राथमिकता से चलाया जा रहा है यहां जब चाहे तब यात्री गाड़ियों को निरस्त कर दी जाती है और माल गाड़ियों को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से कोयला, मैंगनीज सहित अनेक खनिज पदार्थ है किसका दोहन केंद्र की भाजपा सरकार कर रही है तथा इससे प्रत्येक वर्ष 20 हजार करोड रुपए का लाभ हो रहा है किंतु सुविधाओं के नाम से छत्तीसगढ़ की हमेशा उपेक्षा की जा रही है । यहां जब चाहे तब यात्री गाड़ियों को निरस्त कर दिया जाता है उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय जहां बहुत यात्री गाड़ियों को निरस्त किया जाता रहा है वही सिलसिला आज भी जारी है क्योंकि इस बहाने यात्री गाड़ियों को निरस्त कर माल गाड़ियों को प्राथमिकता से चलाई जा रही है। कोरोना के संकट काल में आर्थिक तंगी से उबरने के लिए यात्री किरायों में जो बढ़ोतरी की गई है उसे आज तक कम नहीं किया गया है, इतना ही नहीं बल्कि प्लेटफार्म टिकट को भी कई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसका तीव्र विरोध करने जा रही है इसके पहले हमने लिखित में आवेदन देकर जनता को राहत देने के लिए अनुरोध किया था किंतु केंद्र की भाजपा सरकार के कान में कोई जूं तक नहीं चल रहीं है इसलिए अब कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने की राह पर अग्रसर हो रही है तथा इसके लिए अब कांग्रेस पार्टी कमर कस ली है । कांग्रेस नेता प्रमोद नायक ने कहा कि कांग्रेस शासन में अनेक संकट आने के बावजूद भी हमने कभी रेल सुविधाओं में कटौती नहीं की बल्कि विकास कार्य करते हुए इसका विस्तार ही किया है किंतु केंद्र की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश की केंद्र की उपेक्षा करते हुए अपने उद्योगपति साथियों को लाभ पहुंचाने के लिए यह हरकत कर रही है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रदेश सचिव गिरधारी यादव, श्रम कल्याण मंडल के सदस्य हरप्रसाद साहू, रफीक सिद्दीकी, देवेश सिंह,नगर पालिका के अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा,विवेक सिंह सिसोदिया, सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडेय सहित बहुत संख्या में कांग्रेस के लोग उपस्थित थे।

## स्टेशन से लेकर ट्रेनों में सुरक्षा की कमान संभाल रहीं महिला आरपीएफ

**बिलासपुर।** स्टेशन से लेकर ट्रेनों में महिला आरपीएफ पर सुरक्षा की जवाबदारी सौंपी गई है। यह महिलाएं पुरुष बल सदस्यों की तरह रात्रिकालीन गश्त कर उन महिला यात्रियों को सुरक्षित होने का अहसास करा रही हैं जो रात के समय ट्रेनों में अकेले सफर करती हैं। किसी तरह की परेशानी या शिकायत पर वे महिला आरपीएफ से इस बात को साझा कर सकती हैं।

## नए आशियाने में नीलगाय व सांभर करेंगे आराम

**बिलासपुर।** नाइट शेल्टर निर्माण करने 30 लाख की स्वीकृति, गेटमनी से होगा खर्च कानन पेंडारी जू के सांभर व नीलगाय में रात में सुरक्षित आशियाने के अंदर आराम कर सकेंगे। जू प्रबंधन इनके लिए नाइट शेल्टर बनाएगा। जू के गेटमनी से 30 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा।


**कार्यालय, नगर पालिक परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा**

E-mailID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampa@gmail.com

क्रमांक/2078/लो.नि.वि./न.पा./2023-24 चांपा दिनांक

**ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद चांपा क्षेत्रांतर्गत अधोसरंचना मद अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाईन( Online ) निविदा आमंत्रित की जाती

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF BITUMINOUS COAT FROM NEAR RR FUELS TO AATHANNI CHAWANNI HOTEL AT WARD NO 20. (FIrst Call)(System Tender No.147045) | 20.03 | 30.09.2023 17.30 बजे तक |
| 2. | CONSTRUCTION OF BITUMINOUS COAT FROM NEAR NEW BUS STAND TO COLLEGE MOD AT WARD NO 20/27. (FIrst Call)(System Tender No.147046) | 23.48 | 30.09.2023 17.30 बजे तक |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.gov.in एवं https://eproc.cgstategov.in में डाउनलोड/देखी जा सकती है। स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत निर्माण में योगदान दे। जल है तो कल है। प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें। स्वच्छ नगर स्वस्थ नागरिक।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् चांपा


# खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी एवं किसान पंजीयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

### धान खरीदी के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ,किसान पंजीयन के कार्य को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें - कलेक्टर



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज नवनिर्मित ऑडिटोरियम में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी एवं किसान पंजीयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसान पंजीयन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसमें किसानों को उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने में सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना है। धान खरीदी के कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीदी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु किसान पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी के कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ त्रुटिरहित करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान के फसल का प्रकार का विवरण गिरदावरी में प्रविष्ट करे। उन्होंने जहां परती भूमि है या शासकीय भूमि, डाइवर्टेड भूमि, आबादी भूमि है उनमें फसल प्रविष्टि न हो साथ ही वन विभाग द्वारा वन संपदा योजना अंतर्गत लगाए गए वृक्षों की प्रविष्टि भी गिरदावरी में हो यह सुनिश्चित करे। गिरदावरी कार्य को समय पर पूर्ण करे और फ़ील्ड में जाकर गिरदावरी करे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में वजन मशीनों तथा आर्द्रता मापी यंत्र का समुचित कैलिब्रेशन, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, वाहनों का प्रवेश बारदानों का भौतिक सत्यापन ,पंजियों का संधारण करने एवं सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान एवं धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को कृषि विभाग के अंतर्गत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के आधार पर इस वर्ष पूर्व के वर्षों की भांति कृषकों को पृथक से पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अंतर्गत उनका गत वर्ष का पंजीयन कैरीफॉरवर्ड कर दी जाएगी। पूर्व वर्षों में पंजीकृत सभी किसानों को धान उपार्जन वर्ष 2023-24 हेतु धान पंजीयन में नॉमिनी नामांकन कर कैरी फॉरवर्ड करवाना अनिवार्य है, क्योंकि धान उपार्जन हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अपनाया जाएगा, जिसके लिए पंजीयन में नॉमिनी रखना अनिवार्य है।

कलेक्टर ने कहा कि कैरी फॉरवर्ड या नवीन पंजीयन हेतु आवेदन पत्र के साथ किसानों को ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पी-2 खसरा आदि दस्तावेज संलग्न करना होगा। केवल संयुक्त भूमि स्वामी होने की स्थिति में स्व घोषणा पत्र भी देना होगा। गत वर्ष के पंजीकृत किसान यदि अपने पंजीयन में कोई भी संशोधन कराना चाहते हैं तो वे 30 सितंबर 2023 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन कर सकते हैं। एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल या रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक की जायेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, सर्व एसडीएम, तहसीलदार एवं खाद्य विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, मार्कफेड, समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों में टीम बनाकर किया जा रहा निरीक्षण: जिपं सीईओ



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल के मार्गदर्शन में मतदान केन्द्रों का टीम बनाकर सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को देखते हुए मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मतदान केन्द्रों में रैम्प, बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय आदि के संबंध में टीम को निरीक्षण करने कहा गया है। जिपं सीईओ के निर्देश पर सभी जनपद पंचायतों की स्कूलों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारम्य में जनपद पंचायत बलौदा के करारोपण अधिकारियों व सचिवों के द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान केन्द्रों में विशेषकर शौचालयों की व्यवस्था को दुरस्त किये जाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत जावलपुर, जर्वे ब, बोकरामुडा, पोंच, नवापारा ब, झपेली, औराईकला के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली, पानी, शौचालय सहित रैम्प आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**अनमोल वचन**

**जब अपने खफा होने लग जाएँ तो आप समझ लेना आप सही राह पर हैं !**

# विशेष सत्र का गोपनीय एजेंडा!

अब यह साफ हो गया है कि संसद का विशेष सत्र शुरू होने से एक-दो दिन पहले तक सरकार इसक एजेंडा गोपनीय रखेगी। सोनिया गांधी की चिट्ठी के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने लिखा है कि सब कुछ परंपरा और नियम के हिसाब से हो रहा है। हर बार सरकार सत्र से पहले सभी दलों की बैठक बुलाती है, जिसमें एजेंडा बताया जाता है। इस बार भी ऐसा ही किया जाएगा। हालांकि जब नियमित सत्र होते हैं तब के लिए यह बात ठीक है कि सरकार दो दिन पहले एजेंडा बताती है। लेकिन जब विशेष सत्र बुलाया गया है तो जाहिर है कि उसमें रूटीन के काम नहीं होने हैं। किसी खास मकसद से सत्र बुलाया गया है तो उसका एजेंडा पहले बताया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि सरकार हर चीज को गोपनीय रखने और एकदम से लोगों को चौंका देने के अपवाद को अपने कामकाज का नियम बना लिया है। बहरहाल, जानकार सूत्रों का कहना है कि संसद के विशेष सत्र में कोई विधेयक नहीं पेश किया जाएगा। विपक्ष को दो बातों की चिंता है। पहली बात तो यह कि क्या सरकार एक देश, एक कानून का बिल ला सकती है। लेकिन इसकी कोई संभावना नहीं है। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी है उसकी एक भी बैठक नहीं हुई है। पहले सदस्यों की औपचारिक बैठक होगी। उसमें उस मकसद पर चर्चा होगी, जिसके लिए कमेटी बनाई गई है। उसके बाद राज्यों, राजनीतिक दलों, चुनाव आयोग, सिविल सोसायटी आदि से सलाह-मशविरा होगा। पहली बैठक जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद ही होगी। सो, यह संभावना नहीं है कि कमेटी 18 सितंबर तक कोई रिपोर्ट दे पाएगी।

दूसरी चिंता यह है कि संविधान में संशोधन करके देश का नाम सिर्फ भारत रखने का फैसला हो सकता है। लेकिन यह भी नहीं होना है। जानकार सूत्रों का कहना है कि सरकार इंडिया और भारत दोनों नाम रखने के पक्ष में है लेकिन भारत का ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा। नाम का विवाद शुरू होने के बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंडिया, भारत या हिंदुस्तान कहिए पर हमारे खिलाड़ी ढेर सारे पदक जीत कर लाएंगे। यह एक संकेत है इस बात का कि सरकार नाम नहीं बदलने वाली है। दोनों सदनों की साझा बैठक की भी कोई योजना नहीं है। अब रही बात कि विशेष सत्र में क्या हो सकता है। जानकार सूत्रों के मुताबिक कोई विधेयक लाने की बजाय सरकार की ओर से तीन या चार प्रस्ताव पेश किए जा सकते हैं। उन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद ध्वनिमत से उन्हें पास कराया जाएगा। पहला प्रस्ताव जी-20 के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री मोदी के अभिनंदन का हो सकता है। दूसरा प्रस्ताव चंद्रयान-तीन की सफलता का हो सकता है। उसमें इसरो को वैज्ञानिकों के साथ साथ मोदी और सरकार की सराहना की जाएगी। तीसरा प्रस्ताव 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का हो सकता है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी विस्तार से बोल सकते हैं। इससे अगले चुनाव का एजेंडा तय हो सकता है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि एक प्रस्ताव पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर भी हो सकता है और एक प्रस्ताव चीन की निंदा का भी हो सकता है। लेकिन ये सारी अटकलें हैं।

## राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी की मदद करेंगे, जिससे आपको खुशी होगी। आप कुछ ऐसा करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे और आपको फॉलो करेंगे। आप शाम तक किसी विशेष काम को पूरा करने में समय देंगे, काम का रिजल्ट भी आपके मन मुताबिक होगा।

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका विश्वास बढ़ेगा आप किसी दूसरे की बातों पर ध्यान न देकर खुद पर विश्वास करेंगे। आप कोई कर्ज उतारने में सफल होंगे, आपकी मानसिक उलझन कम होगी। इस राशि की जो महिलाएं कोई जॉब करना चाहती हैं उनके लिए घरवालों से सलाह-मशवरा करने का बढ़िया दिन हैं।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप माता की कोई इच्छा पूरी करेंगे, जिससे उनका मन प्रसन्न होगा। आपके ननिहाल पक्ष से कोई खुशखबरी मिल सकती है। कोई करीबी व्यक्ति आपसे आर्थिक मदद मांगेगा आप उसकी हर-संभव मदद करेंगे।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी सामाजिक गतिविधि में रुचि रहेगी। आप किसी काम में बड़े-बुजुर्गों की सलाह लेंगे, आपको काफी फ़ायदा होगा। इस राशि के जो लोग प्राइवेट जॉब करते हैं उनके लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा हो सकता है। बिजनेस में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। पिता जी आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम सौपेंगे जिसे बखूबी पूरा करने पर आपको शाबाशी मिलेगी, साथ ही पिता जी आपसे कुछ मन की बाते भी शेयर करेंगे। आप किसी काम को करने के लिए उत्साहित रहेंगे।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप कोई बिजनेस साझेदारी में शुरू करने का मन बनाएंगे। आपकी कोई पुरानी गलती के कारण आज आपको पछतावा होगा आप उस गलती को सुधारने का पूरा प्रयास करेंगे। माइग्रेन की समस्या के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। आपको जल्द ही आराम मिलेगा।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपका पैसा खर्च होने की वजह से आपकी आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। बेहतर होगा सोच समझकर ही पैसे खर्च करें। किसी से चल रही अनबन को आज आप बातचीत करके दूर करने की कोशिश करेंगे, आपकी यह कोशिश रंग लाएगी।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा, जिससे आप नई-नई चीजें सीखने का प्रयास करेंगे। आप अपने खान-पान की आदतों में बदलाव करेंगे। किसी मेहमान के घर पर आने से बच्चों में उत्साह दिखेगा। अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान बदलना पड़ सकता है

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको एक से अधिक स्त्रोत से धन लाभ होगा, जिससे आपकी खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। जीवनसाथी से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करने से आपके रिश्ते में मिठास आएगी। आप आपका मन किसी खाने के किसी नयी डिश को बनाने को करेगा और ऑनलाइन उस डिश की रेसिपी सीखेंगी।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर गुस्सा होने से बचेंगे तो आपका काम अच्छे से पूरा हो जाएगा। ऑफिस में किसी काम को पूरा करने में आपको थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। समाज में आपका दायरा बढ़ेगा, आपकी नई प्रतिभा लोगों के सामने आएगी, लोग आपका सम्मान करेंगे।

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आपके बेटे को करियर से सम्बंधित कोई अच्छी सूचना मिलेगी आपके घर में रौनक बढ़ जाएगी। आपको गर्व महसूस होगा। आपके घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम होगा, जिसको लेकर घर के सभी सदस्य उत्साहित होंगे। आप कार्यक्षेत्र में अपने अनुभव से किसी रुके हुए कार्य को पूरा कर लेंगे।

**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका बहुत दिनों से रुका धन वापस मिलने से आर्थिक समस्याएं दूर होंगी। आपके ससुराल से कोई व्यक्ति आपसे मिलने घर आ सकता है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में कुछ बदलाव करेंगे ये बदलाव आपकी सफलता का मार्ग खोलेगा। घर की जिम्मेदारी आज आपके कन्धों पर होगी जिसे आप खुशी-खुशी पूरा करेंगे। आप किसी इम्पोर्टेन्ट काम में बहुत हद तक सफल रहेंगे।

# भारत की जी-20 अध्यक्षता में अन्न व अन्य प्राचीन

//नरेंद्र सिंह तोमर//

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, भारतीय अध्यक्षता में जी20 का आयोजन समग्र देश को गौरवान्वित कर रहा है। जन-जन को गर्व की अनुभूति है। अमृतकाल के युग में प्रवेश करता भारत, विकास और सामाजिक प्रगति की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा के पथ पर आगे बढ़ चुका है। ये पल अविस्मरणीय है व देशवासियों के लिए उत्साह का संचार करने वाले हैं। यह सुखद अहसास अपनी सीमाओं से परे तक विस्तृत है, जो वैश्विक विकास के प्रक्षेप पथ के लिए एक मानक स्थापित करता है। इस वृहद आयोजन के दौरान जी20 के कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की हुई बैठकें भी ऐतिहासिक रही, वहीं जी20 के कृषि मंत्रियों को प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए संदेश में यह प्रतिध्वनित हुई। कृषि में भारत की जी20 प्राथमिकताएं हमारी एक पृथ्वी की अवधारणा को पोषित करने, हमारे एक परिवार के भीतर सद्भाव उत्पन्न करने और उज्ज्वल एक भविष्य की आशा देने पर केंद्रित हैं।**

कृषि कार्य समूह की उपलब्धियां 200 से अधिक प्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्होंने गत महीनों में देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से लेकर चंडीगढ़ के सुनियोजित शहरी परिदृश्य तक की यात्रा की, फिर पवित्र शहर वाराणसी तक और अंततः मनमोहक मोतियों के शहर, हैदराबाद तक पहुंचे।

सतत विकास लक्ष्य-2 (एसडीजी-2) में रेखांकित एक प्रमुख वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य हासिल करने को हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2030 तक शून्य भूख एसडीजी तक पहुंचने में केवल सात वर्ष शेष हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि यह स्थिति वर्ष 2015 से अपरिवर्तित बनी हुई है। कोविड-19 महामारी और जलवायु परिवर्तन के लगातार प्रभाव जैसे कारक वर्ष 2030 में 670 मिलियन लोगों को भूखा बना सकते हैं, ऐसी चुनौती है, लेकिन भारत, अपने जी-20 कृषि कार्य समूह की अध्यक्षता के तहत, इन चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक ऐतिहासिक सहमति बनीं, जिसमें जी-20 के कृषि मंत्रियों ने खाद्य सुरक्षा व पोषण पर डेक्कन उच्च स्तरीय सिद्धांतों का समर्थन करने पर सहमति व्यक्त की है। भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान की गई प्रत्येक प्रतिबद्धता पर कार्यवाही करने में सबसे आगे रहा है। एक उत्तरदायी वैश्विक खिलाड़ी के रूप में, हमारे देश ने खाद्य संकट और आपात स्थिति का सामना कर रहे देशों को मानवीय खाद्य सहायता में लगातार अपना हाथ आगे बढ़ाया है। यहां तक कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी, भारत ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने पड़ोसियों और अफ्रीका सहित कई देशों को हजारों मीट्रिक टन गेहूं, चावल, दालों के रूप में खाद्य सहायता प्रदान की।

भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोएं। हमारी एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड पहल लाभार्थियों को देशभर में सब्सिडी के खाद्यान्न निर्बाध प्राप्त करने की अनुमति देती है। वर्ष 2018 में प्रारंभ पोषण अभियान कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह कमजोर, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं, शिशुओं, बच्चों और किशोरों को कवर करते हुए जीवनचक्र में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने का एक अनूठा कार्यक्रम है।

भारत सरकार देश में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में अल्पकालिक अस्थायी राहत और दीर्घकालिक विकास कार्यों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है। सतत कृषि के अपने प्रयास में, हम जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों, सटीक कृषि और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। कृषि में आपदा व जलवायु सहिष्णुता के लिए हमने अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित किए हैं। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य बाहर से खरीदे गए इनपुट, लागत व कटौती से मुक्ति के लिए खेती की वैकल्पिक प्रणाली को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार, परंपरागत कृषि विकास योजना में जैविक उत्पादों के विपणन के लिए राज्यों द्वारा विभिन्न ब्रांड विकसित किए गए हैं। समावेशिता की भावना के साथ, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से जोड़ने व दुर्गम इलाकों में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला विकास का समर्थन करने के लिए वस्तु-विशिष्ट, केंद्रित, प्रमाणित जैविक उत्पादन समूहों को विकसित करने के लिए मिशन लागू किए गए हैं। हमने 1,752 जलवायु-सहिष्णु फसल किस्में विकसित की है व देशभर में प्रत्येक जिले में एक प्रतिनिधि गांव लेकर 151 संवेदनशील जिलों में जलवायु-सहिष्णु गांवों की स्थापना की है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों द्वारा दिए गए प्रत्येक प्रीमियम का चार गुना से अधिक दावा प्राप्त हुआ है।

खाद्य सुरक्षा के प्रयासों में, हमें भोजन की हानि व भोजन की बर्बादी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करना होगा। यहां तक कि हमारे प्राचीन ग्रंथों (तैत्तिरीय उपनिषद्) में भी अन्नीं न परिचक्ष त। तद्व्रतम् अर्थात- भोजन कभी बर्बाद न करें, क्योंकि यह एक व्रत है, का उल्लेख है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का 14 प्रतिशत भोजन फसल कटाई के दौरान नष्ट हो जाता है व 17 प्रतिशत से अधिक खुदरा व उपभोक्ता स्तर पर बर्बाद हो जाता है, आपूर्ति श्रृंखला में तकनीकी सीमाएं इस समस्या में योगदान करती हैं, अतः उपभोक्ता के दृष्टिकोण से इसके समाधान के लिए भोजन की हानि व बर्बादी से उत्पन्न पारिस्थितिक प्रभाव कम करने के लिए मानव व्यवहार में परिवर्तन की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी जी का पर्यावरण के लिए मिशन लाइफ का आह्वान सतत् परिपाटियों को अपनाने और अपशिष्ट को कम करने तथा संसाधनों के संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में जागरूक विकल्प तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सरल जीवन शैली में बदलाव और सचेत उपभोग से उत्पादन प्रणाली पर बोझ डाले बिना भोजन की बर्बादी को कम किया जा सकता है। जी-20 वैश्विक खाद्य उत्पादन में छोटे जोतधारकों के महत्व को पहचानता है। हमारे कृषि परिदृश्य में छोटे-मझौले किसानों की भूमिका से सरकार भली-भांति परिचित है, जिन्हें सशक्त बनाने के लिए हमने कृषि सखी कार्यक्रम शुरू किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों में प्रशिक्षण व ऋण तक पहुंच प्रदान करता है। हम ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) प्लेटफॉर्म का विस्तार कर रहे हैं ताकि किसानों को उनकी भौगोलिक स्थिति के बावजूद उपज का उचित मूल्य मिल सकें।

जी-20 उत्पादकता और सततता में वृद्धि के लिए कृषि में नई प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देता है। हम कृषि में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी को तेजी से अपना रहे हैं। फसलों के लिए रिमोट सेंसिंग-आधारित उपज अनुमान के लिए यसटेक, मौसम की जानकारी एकत्र करने के लिए विंड्स और बीमा कंपनियों द्वारा पारदर्शी गणना व दावा निपटान के लिए डिजीक्लेम जैसी कुछ पहलें उल्लेखनीय हैं। बेहतर योजना, रणनीति निर्माण और नीति-निर्माण की सुविधा प्रदान करने वाले एक डिजिटल कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एग्रीस्टैक नामक एक फेडरेटेड आर्किटेक्चर भी विकसित किया जा रहा है। हाल ही में, भारत जलवायु-स्मार्ट कृषि के विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा शुरू किए गए जलवायु के लिए कृषि नवाचार मिशन में शामिल हो गया है। इससे खेती में एआई, आईओटी और रिमोट सेंसिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के विकास व इसे अपनाने को बढ़ावा मिलेगा। हम किसानों को रियल टाइम जानकारी व सेवाओं के साथ सशक्त बनाने हेतु इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार करके ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विषमता को दूर करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं । आज के युवा भारत की कृषि विकास गाथा में शामिल हो रहे है। एक्सेलेरेटर फंड के समर्थन से, युवा उद्यमी देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि-स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं। सामूहिकता की शक्ति का दोहन करने के लिए सरकार, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। कृषि-स्टार्टअप, विशेष रूप से डिजिटल कृषि के क्षेत्र में, मुख्यतः ग्लोबल साउथ में सहयोग का अवसर प्रस्तुत करते हैं। विकसित देशों के पास तकनीकी अवसंरचना है, जबकि भारत की शक्ति विशेषज्ञता में निहित है। जी-20 कृषि मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत के कृषि स्टार्टअप्स के प्रदर्शन ने, विशेष रूप से डिजिटल क्षेत्र में निरंतर भागीदारी के लिए अंतरराष्ट्रीय सराहना के साथ ही समर्थन प्राप्त किया है।

अन्न (मिलेट्स) की खेती हजारों वर्षों से की जा रही है, लेकिन जैसे-जैसे बाजार-विपणन ने हमारी पसंद को प्रभावित किया, भोजन के रूप में उनकी मांग कम हो गई, लेकिन वर्तमान संदर्भ में, खाद्य सुरक्षा उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वैश्विक कृषि के विविधीकरण की आवश्यकता है, जिसमें अन्न जैसी फसलों को शामिल करना होगा, जिनका वर्तमान में कम उपयोग किया जाता है, लेकिन विश्व खाद्य आपूर्ति को अधिक सहिष्णु, सतत-पौष्टिक बनाने के लिए उच्च उत्पादन, खपत क्षमता रखते हैं। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया गया। इस गति को और तेज करने के लिए भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत एक क्रांतिकारी पहल मिलेट्स (अन्न) और अन्य प्राचीन अनाज अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान पहल (महर्षि) की शुरूआत की गई है। महर्षि पहल भारत के लिए अपार संभावनाएं रखती है, जो सततता और नवाचार को बढ़ावा देते हुए महत्वपूर्ण पोषण और कृषि चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। इसका अंतरराष्ट्रीय सहयोग, विशेष रूप से जलवायु-सह्य फसलों पर, भारत व वैश्विक पोषण, खाद्य सुरक्षा और सतत कृषि दोनों को लाभ पहुंचाता है। दुनियाभर के जाने-माने वैज्ञानिक और नेता इस पहल में रूचि व्यक्त कर रहे हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और वैश्विक कृषि व पोषण संबंधी मुद्दों के समाधान की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। महर्षि की पहल खाद्य सुरक्षा, पोषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच एक सतत् और खाद्य-सुरक्षित भविष्य के लिए प्रयास करते हुए आशा और अभिनव समाधान प्रदान करती है, जिसका वैश्विक स्तर पर भी महत्व रहेगा।

# क्या बाइडन पश्चिम एशिया में कुछ कर सकेंगे

//श्रुति व्यास//

**विदेश नीति से देश की जनता का दिल भी जीता जाता है, खासकर तब बात जब 'शांति समझौता' करवाया जा रहा हो। उस नाते किसिंजर से लेकर कुशनेर और उनसे लेकर मौजूदा बाइडन प्रशासन सभी के लिए अमेरिकी कूटनीति के द्वारा मध्यपूर्व में हुआ शांति समझौता करवाना गर्व का विषय रहा है।वैसा 'शांति समझौता' करवानाबाइडन के लिए ज़रूरी है। सन् 2021 में सत्ता संभालने के बाद से बाइडन अमेरिका में घट रही त्रासद घटनाओं और चीन तथा यूक्रेन के मामलों में उलझे रहे है। नतीजतन वे पश्चिमी एशिया के पश्चिमी किनारे, लेबनान, ईराक, सीरिया, यमन, लीबिया और सूडान आदि में जारी संकटों की ओर बहुत कम ध्यान दे पाए हैं। यहाँ तक कि ट्रंप द्वारा टूटने के कगार पर पहुंचा दिए गए ईरान के साथ परमाणु समझौते को बचाने का काम भी नहीं हो सका है।**

बहरहाल अब लगता है बाइडन इस क्षेत्र में अमेरिकी दबदबा दुबारा कायम करने के लिए एक महत्वकांक्षी योजना पर अमल कर रहे है ताकि बीजिंग और मास्को के बढ़ते प्रभाव को रोका जा सके। अमरीकी जनता को भी खुश किया जा सके।

व्हाइट हाउस मध्यपूर्व में एक 'बड़े समझौते' की तैयारी कर रहा है। इससे इजराइल और सऊदी अरब के रिश्ते सामान्य होंगे वहींफिलिस्तीनी राष्ट्र के मसले पर शायद कुछ प्रगति हो। ईरान के साथ तालमेल का भी मकसद बनता लगता है।

सबसे पहले सऊदी अरब। सन् 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के बाद बाइडन ने कसम खाई थी कि वे इस राजतंत्र को दुनिया से अलग-थलग कर देंगे। लेकिन जैसे-जैसे चीन ने रियाद और तेहरान के बीच मध्यस्थता के जरिए अपना प्रभाव बढ़ाया, मास्को और सऊदी अरब के बीच सहयोग बढ़ा तो बाइडन ने यू-टर्न लिया। उन्होने मोहम्मद बिन सलमान से मित्रता बढ़ायी। अब्राहम समझौतों की तर्ज पर इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य करने की कोशिश शुरू की। ऐसी खबरें हैं कि सऊदी अरब को सुरक्षा की गारंटी देने और असैन्य परमाणु कार्यक्रम में मदद करने के लिए अमेरिकातैयार है। इस सौदेबाजी में इजराइल की भूमिका यह होगी कि वह फिलिस्तीनियों को कुछ रियायतें देने की पेशकश करेगा।

लेकिन नेतन्याहू और बाइडन के बीच सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। बाइडन को और चिढ़ाने के लिए नेतन्याहू चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। फिर भी बाइडन प्रशासन को विश्वास है कि इजराइल के साथ मिलकर वह फिलिस्तिनियों को अधिक स्वायत्ता देने, पश्चिमी किनारे पर कब्जा करने का अभियान को रोकने, संभवतः द्वि-राष्ट्र के प्रावधान वाली शांति प्रक्रिया को फिर से जिंदा करने में सफलता मिलेगी।सऊदी अरब को वह देना है जो वह चाहता है जिससे ईरान के पर कतरने का काम हो सके। मगर यह सब दूर की कौड़ी लगती है।9/11 और अल कायदा, अफगानिस्तान और इराक पर हमलों, सशक्त होते चीन तथा जंगी रूस के मौजूदा दौर में दुनिया बहुत बदल गयी है। वे दिन लद गए जब अमेरिका मध्यपूर्व पर अपनी मर्जी लादता था। साथ ही बाइडन के पास इन असंभव नजर आने वाले लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बहुत कम समय है। इन देशों में भी चिंतचा है कि ट्रंप की दुबारा सत्ता बनी तो सारे प्रयासों पर पानी फिर जाएगा। उन्हें असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। जाहिर है पूरी दुनिया पर राज करने वाली महाशक्ति के सामने कई संकट है। अमेरिका अब पहले की तरह दूसरे देशों की विदेश नीति तय करने की स्थिति में नहीं है।

## एफआरआई तो जवाब नहीं

एडिटर्स गिल्ड की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो राज्य सरकार उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन वह इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही मुकदमा दायर कर दिया है। एडिटर्स गिल्ड की रिपोर्ट पर मणिपुर सरकार ने जो रुख अपनाया, उससे यह संदेश गया है कि भारत में अब सवाल पूछना अपराध हो गया है। वरना, अगर राज्य सरकार को यह लगता है कि गिल्ड की तरफ से मणिपुर गई पत्रकारों की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो वह उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन मणिपुर सरकार इस रिपोर्ट से इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही पुलिस केस दायर कर दिया है। एडिटर्स गिल्ड की यह तीन सदस्यीय समिति ने सात से 10 अगस्त तक मणिपुर का दौरा किया था। वहां जांच समिति के सदस्य कई पत्रकारों, सिविल सोसाइटी कार्यकर्ताओं, हिंसा प्रभावित व्यक्तियों, आदिवासी प्रवक्ताओं और सुरक्षाबलों के प्रतिनिधियों से मिले। उसके आधार पर उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार की। समिति ने दो सितंबर को अपनी रिपोर्ट जारी की। उसमें कहा गया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान राज्य के पत्रकारों ने एक-पक्षीय रिपोर्टें लिखीं, जिनमें लिखी गई बातों की संबंधित संपादकों ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों से बात कर पुष्टि नहीं की। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हिंसा के माहौल में संभव है कि संपादकों के लिए ऐसा करना संभव नहीं हुआ होगा। इसके अलावा इंटरनेट पर लगे बैन की वजह से हालात बदतर हो गए थे। इंटरनेट प्रतिबंध की वजह से पत्रकारों की एक दूसरे से, अपने संपादकों से, और अपने सूत्रों से बात करने की गुंजाइश घट गई थी। राज्य में सबसे ज्यादा मीडिया संगठन इम्फाल घाटी से संचालित होते हैं। अधिकांश के मालिक मैतेई समुदाय से हैं। घाटी में आठ अखबार हैं और पांच यूट्यूब आधारित समाचार चैनल हैं, जिनको लाखों लोग देखते हैं। जबकि पहाड़ी इलाकों में सिर्फ दो अखबार और सिर्फ तीन यूट्यूब चैनल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा के दौरान यही 'इम्फाल मीडिया' मैतेई मीडिया में बदल गया।

## तस्वीरों की दुनिया



जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा।



नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना और उनकी बेटी साइमा वाजेद के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन।



पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू सुबह नंद्याल में भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद।



झारखंड के रामगढ़ जिले में कुजू-चितरपुर राजमार्ग पर एक ट्रक दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हुए।



चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड के दौरान कैडेटों ने मार्च पास्ट किया।



पीएम मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र के दौरान अन्य नेताओं के साथ शामिल होने के लिए अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अज़ाली असौमानी को गर्मजोशी से आमंत्रित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मडापम में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए आगमन पर स्पेन की उप प्रधानमंत्री नादिया कैल्विनो सैंटामारा का स्वागत करते हुए।

# घोषणा पत्र पर सहमति बेहतर भविष्य के लिए अहम कदम अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी और जी-20 देशों को दी बधाई

**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा ने शनिवार को भारत की जी-20 अध्यक्षता की सराहना की और कहा कि नई दिल्ली घोषणा पत्र (नई दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन) को स्वीकार किया जाना भारत की कूटनीति और विदेश नीति की बड़ी कामयाबी है। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा पत्र पर सहमति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ जी-20 के सभी सदस्य देशों को बधाई दी। एक्स पर उन्होंने पोस्ट कियामानव जाति के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जी-20 के नेता कूटनीति और सहयोग के माध्यम से राष्ट्रों के बीच विश्वास के पुल बनाने के लिए आम सहमति पर पहुंचे हैं। यह सभी के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मानव केंद्रित वैश्वीकरण पर जोर देने और ग्लोबल साउथ की चिंताओं की गूंज इस घोषणा पत्र में सुनाई देती है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। सीतारमण ने एक्स पर पोस्ट में कहाआज जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में नेताओं के घोषणा पत्र को आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया गया। मानव केंद्रित वैश्वीकरण पर प्रधानमंत्री मोदी के जोर देने और ग्लोबल साउथ की हमारी चिंताओं को आवाज और मान्यता मिली है। सभी जी-20 सदस्यों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद।भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जी-20 की उपलब्धियां प्रभावशाली हैं!



नई दिल्ली घोषणा पत्र को स्वीकार किया जाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन में असंभव को संभव करने के साथ ही विपक्ष के संदेहों को कुचल दिया गया। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भारत घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में सफल रहा। यह भारत की कूटनीति के लिए एक अविश्वसनीय क्षण है। भारत साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दुनिया को एक साथ लाता है।भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी और सकारात्मक परिणाम वाली रही है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक पोस्ट में कहा कि भारत ने सफलता का स्वाद चखा है। घोषणा पत्र पर भारत के नेतृत्व में बनी आम सहमति भारतीय विदेश नीति के लिए एक अविश्वसनीय क्षण है।

# तुर्किए के राष्ट्रपति की पत्नी ने कुतुबमीनार का किया दीदार, गेस्ट बुक में लिखी ये खास बात



**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी-20 शिखर सम्मेलन में आए तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की पत्नी शनिवार को कुतुबमीनार देखने पहुंचीं। वह मीनार को देखकर खुश हुईं और इसका इतिहास जाना। भ्रमण करने के बाद उन्होंने गेस्ट बुक में लिखा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा और स्मारक का बेहतर तरीके से रखरखाव किया गया है। अच्छे बर्ताव के लिए उन्होंने यहां के स्टाफ के लिए धन्यवाद भी लिखा। अच्छे बर्ताव के लिए उन्होंने यहां के स्टाफ के लिए धन्यवाद भी लिखा। वह जब दोपहर बाद मीनार परिसर में पहुंचीं तो मेहमानों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया माला पहनाई गई। सम्मान स्वरूप उन्हें पगड़ी भी पहनाई गई। कुतुबमीनार परिसर के इंचार्ज मिस्बाह नूरी ने मीनार परिसर का उन्हें भ्रमण कराया तथा इसके इतिहास के बारे में बताया। यहां कराए गए संरक्षण कार्यों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी। राष्ट्रपति की पत्नी जब कुतुब परिसर में स्वागत होने के बाद अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ आगे पहुंचीं तो एक गिलहरी उनके रास्ते के बीच आ गई, जो कुछ देर तक वहां रही, इस पर प्रतिनिधि मंडल ठहर गया और प्रतिनिधि मंडल के सदस्य गिलहरी की फोटो खींचते रहे। एएसआई के लोगों ने राष्ट्रपति की पत्नी से कहा कि यह आप का स्वागत करने आई है। तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की पत्नी इससे पहले हुमायूं का मकबरा भी देखने पहुंचीं।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) दिल्ली सर्किल के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक रविवार को सफदरजंग का मकबरा और कुतुबमीनार देखने पहुंच सकते हैं।इसके अलावा कुछ अन्य मेहमान हुमायूं का मकबरा भी जाएंगे।

## भूकंप से मरने वालों की संख्या दो हजार के पार भारत समेत कई देशों ने मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**रबात।** अफ्रीकी देश मोरक्को में शुक्रवार (आठ सितंबर) रात आए विनाशकारी भूकंप में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। भूकंप से दो हजार से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हुई है, लेकिन जिस तरह की बर्बादी हुई है, उसको देखते हुए मौत का आंकड़ा और बढ़ने की आशंका है। हजारों लोग घायल हैं। भूकंप से मराकश शहर में स्थित यूनेस्को संरक्षित विश्व धरोहर स्मारक को भी नुकसान हुआ है। यह क्षेत्र में 1960 के बाद आया सबसे विनाशकारी भूकंप है। मोरक्को के गृह मंत्रालय के मुताबिक, भूकंप में मरने वालों की संख्या 2012 और घायलों की संख्या 2059 है। मरने वालों में एक फ्रांसीसी नागरिक भी शामिल है। मोरक्को की सरकार ने भूकंप से हुई तबाही को देखते हुए तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। रिक्टर स्केल पर 6.8 की तीव्रता वाले इस भूकंप ने मोरक्को के हाई एटलस पर्वत को शुक्रवार रात हिला दिया।भूकंप के समय लोग घरों में सो रहे थे। इसलिए मृतकों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है। सबसे ज्यादा नुकसान भूकंप के केंद्र बिंदु के नजदीक स्थित मराकश शहर में हुआ है। वहां पर ज्यादातर इमारतें ध्वस्त हो गई हैं। बर्बाद हुई इमारतों में बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की आशंका है।

# सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली में आयोजित डिनर प्रोग्राम में हुए शामिल, कई नेताओं से की मुलाकात

**रांची, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के ऑफिशियल डिनर प्रोग्राम में शामिल हुए। यह आयोजन राष्ट्रपति द्वारा होस्ट किया गया था।इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन कई राज्यों के मुख्यमंत्री, कई केंद्रीय मंत्रियों और अन्य गणमान्य लोगों से मिले। उन्होंने इसकी तस्वीरें अपने एक्स हैंडल पर साझा की हैं। सोमवार को ही सीएम हेमंत सोरेन को रांची जमीन घोटाले के मामले में ईडी के कार्यालय में पेश होना था, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे और दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय के एक कर्मचारी के माध्यम से ईडी कार्यालय में एक पत्र भिजवाया गया।



हालांकि, उस पत्र में क्या लिखा था, इसका खुलासा नहीं हो सका।बता दें कि ईडी ने तीसरी बार हेमंत सोरेन को समन किया था। वे इसके पहले भी दो बार 14 अगस्त व 24 अगस्त को पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे। उन्होंने पहले जारी किए ईडी के दोनों समन का जवाब देते हुए ईडी पर केंद्र के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था।वहीं, वे ईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर कार्रवाई की बात कह चुके हैं, साथ ही वे इस कार्रवाई को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा चुके हैं।

उन्होंने ईडी के अधिकार को चुनौती देने से संबंधित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर रखी है, जिसके अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय से जो आदेश होगा उसके अनुरूप वे कार्य करेंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से ईडी को उनके विरुद्ध कोई पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश देने का आग्रह किया है।

# 28 दिन भी नहीं चली 28 लाख की लागत से बनी सड़क रोड की खराब हालत खोल रही गुणवत्ता की पोल

**बगहा, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए सरकार भले ही तमाम उपाय कर ले, लेकिन भ्रष्टाचार पर अंकुश लगना अब तक असंभव दिख रहा है।ताजा मामला नगर के वार्ड संख्या 13 का है। जहां 28 दिन पहले नरईपुर ब्रह्म स्थान से भीमशंकर मंदिर होते हुए चिखुरी मुसहर के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण किया गया। उक्त सड़क निर्माण के समय भी मोहल्ला के लोगों ने गुणवत्ता को लेकर विरोध जताया गया। जिसपर जेई व अन्य अधिकारी उपस्थित होकर गुणवत्ता की गारंटी देते हुए निर्माण कार्य पूरा करा लिए।लोगों ने बताया कि दूसरे सप्ताह से ही सड़क का गिट्टी उखड़ने लगी, जिसके लिए पत्राचार व मौखिक शिकायत की गई। पुनः उसी जेई द्वारा निरीक्षण किया गया।जिस दिन काम की शुरुआत हुई। उसी दिन से ठेकेदार को मना किया जा रहा था, लेकिन विभागीय मिली भगत का परिणाम हुआ कि मोहल्लेवासियों के विरोध के बावजूद सुधार नहीं हुआ। - शुभम मिश्रनगर के कार्यकलाप व गुणवत्ता से कोई तालमेल नहीं है, उसकी स्थिति यह है कि नाली बनाने व पुराने नालों की सफाई के नाम पर कई जगह नाली का स्लैब तोड़कर वैसे ही छोड़ दिया गया है। ऐसे में नए काम में गुणवत्ता की बातें करनी कहीं से भी उचित नहीं है। - राजहरन यादवनगर में नियम कानून को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। आरटीआई में भी गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। आरटीआई के माध्यम से मिले जवाब में टेस्ट रिपोर्ट सही बताया गया है, जबकि अगर सब कुछ सही है तो फिर दूसरे सप्ताह में ही सड़क की गिट्टी क्यों उखड़ने लगी। साथ ही संबंधित जेई उपस्थित होकर उसकी मरम्मत क्यों कराए।

आशीष मिश्र,भाजपा नेतानगर में हो या कहीं अन्यत्र हर जगह सरकारी कार्यों में लूटपाट व भ्रष्टाचार साधारण बात है, क्योंकि जब आवाज उठाने वाले को केस मुकदमा में फंसाने की धमकी देकर मनमानी काम किया जाएगा तो सही बात पर आवाज उठाने वालों की संख्या दिन पर दिन कम ही होती जाएगी।

# दिल्ली के अस्पतालों में सोमवार को रहेगा मरीजों का अधिक दबाव, जी 20 सम्मेलन के बाद बढ़ेगी डॉक्टरों के माथे की शिकन

**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी 20 सम्मेलन के मद्देनजर सख्त सुरक्षा व्यवस्था और नई दिल्ली इलाके में वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी के मद्देनजर एम्स, सफदरजंग, आरएमएल व लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में लगातार दूसरे दिन ओपीडी में मरीजों की संख्या बहुत कम रही। ऐसे में सम्मेलन के बाद इन अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ सकती है। इस वजह से सोमवार और मंगलवार को इन अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों का दबाव अधिक रहने की संभावना है। सफदरजंग अस्पताल की मुख्य ओपीडी में शनिवार को 1984 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसके अलावा बर्न सेंटर, आर्थोपेडिक, स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर और सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक में भी मरीज देखे गए। फिर भी सामान्य दिनों की तुलना में इस अस्पताल में मरीजों की संख्या कम रही।

आरएमएल अस्पताल की ओपीडी में 1546 मरीज देखे गए। जबकि शनिवार को सामान्य तौर पर इस अस्पताल में करीब साढ़े चार हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। लिहाजा, इस अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या करीब 65 प्रतिशत कम रही। आरएमएल, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज के अस्पतालों में सभी डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई है। रविवार को भी डाक्टरों को ड्यूटी पर मौजूद रहने के लिए कहा गया है। आरएमएल अस्पताल के एक वरिष्ठ डाक्टर ने बताया कि जिन डाक्टरों के पास जी-20 सम्मेलन के दौरान ड्यूटी का पास नहीं था उन्हें शनिवार को अस्पताल में सुरक्षा कर्मियों ने प्रवेश नहीं होने दिया। इस वजह से कई डाक्टर अस्पताल के गेट से ही वापस लौट गए। मरीजों को भी अस्पताल पहुंचने में दिक्कत हुई।एम्स की ओपीडी में भी 35-40 मरीज कम पहुंच पाए।

ज्यादातर वही मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे जिनके पास पहले से अप्वाइंटमेंट था।संस्थान के एक वरिष्ठ डाक्टर ने बताया कि एम्स में अप्वाइंटमेंट मिलना ही बहुत मुश्किल होता है। ओपीडी में भी इलाज के लिए लंबी वेटिंग है। इसलिए जिन मरीजों को अप्वाइंटमेंट मिल जाता है वे चाहते हैं कि किसी भी तरह अस्पताल पहुंचना चाहते हैं, लेकिन बगैर अप्वाइंटमेंट वाले मरीज ज्यादा नहीं आए। अप्वाइंटमेंट भी कम मरीजों को दिया गया था। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को भी अस्पतालों में दो तिहाई तक कम मरीज पहुंच पाए थे।

## अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में घुस आया बंदर, स्वास्थ्यकर्मी ने जैसे ही हाथ में लिया डंडा...



**नईदिल्ली, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

आरएमएल अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के आपरेशन थिएटर में बंदर के घुसने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। बताया जा रहा है कि घटना गुरुवार की है। आपरेशन थिएटर में मौजूद डॉक्टर और कर्मचारी भी घबरा गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने डंडा लेकर बंदर को आपरेशन थिएटर से भगाया।स्वास्थ्य कर्मियों ने डंडा लेकर बंदर को आपरेशन थिएटर से भगाया। अस्पताल का आपरेशन थिएटर प्रतिबंधित क्षेत्र होता है। आपरेशन थिएटर के अंदर आम लोगों को भी बेवजह प्रवेश नहीं दिया जाता है। ताकि आपरेशन थिएटर में किसी तरह का संक्रमण न फैलने पाए। इसलिए आपरेशन थिएटर को नियमित तौर पर सेनेटाइज किया जाता है। ऐसी जगह पर बंदर के प्रवेश करने से मरीज को नुकसान हो सकता है।अस्पताल के डाक्टर कहते हैं कि आपरेशन थिएटर में बंदर का वीडियो प्रसारित होने से भले ही यह मामला अब सामने आया है लेकिन इस तरह की पहली घटना नहीं है। आरएमएल अस्पताल में अक्सर बंदर घूमते हुए देखे जा सकते हैं।एम्स की भी इमरजेंसी, ओपीडी सहित विभिन्न ब्लाक के पास बंदर अक्सर घूमते रहते हैं। कई बार बंदर मरीज और स्वास्थ्य कर्मियों को नुकसान भी पहुंचा देते हैं। फिर भी अस्पतालों में बंदरों की समस्या दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# तीन गोदामों में लगी भीषण आग, दो मंजिला इमारत गिरी, एफएसओ हुई चोटिल

**गाजियाबाद, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

लिंक रोड थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र साइट चार में शनिवार शाम करीब चार बजे एक एलईडी और वॉशिंग मशीन के गोदाम व सर्विस सेंटर में आग लग गई। आग ने आसपास के दो गोदामों को चपेट में ले लिया। इस दौरान हीट से एक दो मंजिला इमारत गिर गई।अग्निशमन कर्मी 27 गाड़ियों की मदद से रात 12 बजे तक आग पर काबू पाने में जुटे रहे। एफएसओ वैशाली चोटिल हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अन्य कोई हताहत नहीं हुआ है। औद्योगिक क्षेत्र साइट चार में दिल्ली ग्रेटर कैलाश के अमरजीत सिंह की दो मंजिला बिल्डिंग में एसवीएल के नाम से वाशिंग मशीन और एलईडी का गोदाम बना रखा है। यहां पर सर्विस सेंटर भी चलता है। शनिवार शाम करीब चार बजे अचानक पीछे की ओर आग लग गई। धुआं निकलता देखकर कर्मचारियों ने शोर मचाया।कुछ कर्मचारियों ने आग बुझाने के सिलेंडरों से बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझी। अंदर करीब 25 कर्मचारी और अधिकारी थे। सभी बाहर की ओर भागे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग भूतल, प्रथम और दूसरे तल तक पहुंच गई।सूचना



अग्निशमन विभाग को दी गई। साहिबाबाद से तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग बढ़ती चली गई। आसमान में काले धुएं का गुबार नजर आ रहा था। वैशाली से तीन गाड़ियां लेकर मुख्य अग्निनशमन अधिकारी मौके पर पहुंचे। आसपास की फैक्ट्रियों से लोगों को बाहर निकाला गया। आग को बुझाने का काम शुरू किया गया।करीब दो घंटे में आग को काबू किया गया। आग को ठंडा किया जा रहा था कि तभी अचानक दो मंजिला बिल्डिंग गिर गई। आग लगने के दौरान सिविल डिफेंस के वालेंटियर, औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। गोदाम में आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक ओर जन औषधि केंद्र पर सप्लाई होने वाली दवाइयों के गोदाम और एक ओर एलइडी के दो मंजिला गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। दवाई के गोदाम में काम करने वाले करीब 40 कर्मचारी सुरक्षित बाहर आए गए थे।

एलईडी के गोदाम में काम करने वाले भी बाहर थे। लेकिन दोनों में आग तेजी से फैली। कोतवाली घंटाघर समेत अन्य से गाड़ियां मंगाई गईं। आसपास की फैक्ट्रियों से पानी लाकर आग को बुझाने का काम तेजी से किया गया।रात 12 बजे तक आग पर काबू पाने का काम जारी रहा।आग लगने के दौरान दो मंजिला इमारत के आसपास अग्निशमन कर्मी और पुलिसकर्मी पास में ही खड़े थे। तभी अचानक बिल्डिंग गिर गई। एफएसओ वैशाली कुंवर सिंह मलबे की चपेट में आने से चोटिल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद भास्कर वर्मा और मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल बाल बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंद मिनट पहले ही बिल्डिंग पर अग्निशमन कर्मी चढ़कर आग बुझाने जा रहे थे, गनीमत रही कोई चढ़ा नहीं वरना बड़ा हादसा हो जाता। आग इतनी भीषण थी कि साहिबाबाद से तीन, वैशाली से तीन, घंटाघर से दो, मोदीनगर से एक, पिलखुआ से एक, हापुड़ से एक, टाटा कंपनी से एक, लोनी से एक, नोएडा से तीन, मेरठ और बुलंदशहर से मिलाकर 27 गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं।

## ताइवान जलडमरूमध्य में फिर बढ़ा तनाव अमेरिका और कनाडा के युद्धपोत भेजने से भड़का चीन

**ताइपे।** ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव फिर बढ़ गया है। यह तनाव अमेरिका और कनाडा के द्वारा दो युद्धपोतों को जलडमरूमध्य से रवाना करने के बाद हुआ है। दोनों देशों ने इस क्षेत्र में चीन के दावे को चुनौती दी है। चीन दावा करता आ रहा है कि ताइवान उसके क्षेत्र का हिस्सा है। यदि जरूरी हुआ तो उसे बलपूर्वक फिर से चीन का हिस्सा बनाया जाएगा। चीन ने अमेरिकी नौसेना और उसके सहयोगियों की कार्रवाई को उत्तेजक बताया।अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े के मुताबिक, यूएसएस राल्फ जॉनसन और रॉयल कैनेडियन नेवी हैलिफ़ैक्स-क्लास फ्रिगेट एचएमसीएस ओटावा ताइवान जलडमरूमध्य में एक गलियारे से होकर गुजरे। इसे अमेरिका ने नेविगेशन की स्वतंत्रता अभियान बताया।दूसरी तरफ, चीन ने भी ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। उसने युद्धपोत और युद्धक विमानों को भेजना शुरू कर दिया है। अमेरिका ने जून में एक वीडियो जारी किया था, जिसमें चीनी नौसेना के एक जहाज ने अमेरिकी जहाज को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। चीन का कहना है कि उसने अमेरिका और कनाडा के जहाजों पर नजर रखी थी।

# रेबीज से व्यक्ति की मौत, तड़प-तड़पकर निकली जान, जिले में 24 घंटे में 200 लोगों को कुत्तों ने काटा

**गाजियाबाद, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**

रेबीज से एक और मौत का मामला प्रकाश में आया है। चिपियाना बुजुर्ग के रहने वाले 35 वर्षीय रविंद्र सिंह की 28 अगस्त को रेबीज से मौत हो गई है। उसे दो महीने पहले आवारा कुत्ते (पिल्ला) ने काटा था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया और एंटी रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाई। 25 अगस्त को हालत खराब होने और तेज बुखार होने पर रविंद्र ने एंटी रेबीज की पहली डोज प्राइवेट अस्पताल में लगवाई। भाई टीटू इंदौरिया ने बताया कि पानी देखकर डरने और व्यवहार में तेजी से बदलाव होने पर जिला एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में 27 अगस्त को दिखाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने रविंद्र को कई इंजेक्शन लगाए। दवाएं भी दी। टीटू ने बताया कि रात को हालत ज्यादा खराब होने पर दिल्ली के तीन अस्पतालों में ले गए, लेकिन वहां चिकित्सकों ने रेबीज बताते हुए वापस घर भेज दिया। टीटू ने बताया कि मौत से पहले रविंद्र को काबू करना बहुत ही मुश्किल हो गया था। पांच से दस लोग भी नहीं संभाल पा रहे थे।28 अगस्त को रविंद्र की मौत हो गई। रविंद्र ई-रिक्शा चलाता था। मृतक की पत्नी वंदना, बेटा प्रिंस, बेटी




सेजल और इशानी की सेहत को लेकर विभाग गंभीर है। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। इस प्रकरण की जांच कराते हुए मृतक की बीमारी की पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।शनिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में आवारा कुत्तों ने 21 बच्चों समेत 200 लोगों को काट लिया। इनमें नौ बच्चों के हाथ और पैरों में गहरे घाव हो गए।

जिला एमएमजी अस्पताल और संयुक्त अस्पताल स्थित एंटी रेबीज क्लीनिक में पहुंचकर इन सभी लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई है। कुत्ते के काटने पर 200 ने पहली डोज और 310 ने दूसरी व तीसरी डोज लगवाई।रेबीज से किशोर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बचाव और रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला सर्विलांस अधिकारी डा.आरके गुप्ता ने बताया कि रेबीज के अधिकतर मामले 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों में होते हैं। बच्चों में अधिकतर कुत्तों के काटने, चाटने, खरोंचने या लार के त्वचा, आंख, नाक और मुंह के संपर्क में आने के केस नजरअंदाज हो जाते हैं।रेबीज कुत्ते, बंदर, बिल्ली, चमगादड़, बबून, खरगोश व नेवला आदि के काटने से फैलता है। इस बीमारी का बचाव सौ फीसदी संभव है लेकिन रोग के लक्षण आने पर इलाज संभव नहीं है और इसमें मृत्यु दर भी सौ फीसदी है। ऐसे में बीमारी से बचाव के लिए कुत्तों का टीकाकरण किया जाना आवश्यक है। कुत्ते के काटने पर तुरंत एआरवी लगवाना ही इसका बचाव है।रोग के लक्षण हल्का तापमान, भूख का कम लगना, रोशनी से डर लगना, पानी से डरना, कुत्ते जैसे भौंकने की आवाज निकालना, मुंह की मांसपेशियों के पक्षाघात से मुंह खुला रहना, दांत पीसना, निगलने व पानी पीने में तकलीफ होना, अस्थिर अवस्था में रहना है।

रेबीज फैलाने वाले जानवर काट लें तो टीकाकरण जरूर करवाएं। काटने पर जख्म को तुरंत साबुन से चलते पानी में 15 मिनट तक धोना चाहिए। जख्मों को आयोडिन से साफ करना चाहिए, नाहीं कोई घरेलू पदार्थ लगाएं, मरीज को डॉक्टर को जरूर दिखाएं, एंटी रेबीज का इंजेक्शन जरूर लगवाएं, बच्चों को आवारा जानवरों से दूर रखें, कुत्तों के बारे में पूरी जानकारी रखें, काटने के कम से कम दस दिन तक कुत्ते की निगरानी करें व हो सके तो उसे बांध कर रखें। क्योंकि दस दिन के अन्दर रेबीज से संक्रमित कुत्ते में इस रोग के लक्षण दिखेंगे या वह मर जाएगा।इसके अलावा घाव पर लाल मिर्च, मसाला, चूना, हल्दी बाम या किसी पौधे का रस या ज्वलनशील पदार्थ न लगाएं, इससे रेबीज के वायरस को शरीर में फैलने में मदद मिलती है।

# लिंक साझा करने पर 50 रूपये के लोभ में गंवाए 16 लाख



**बिश्रामपुर।** ससुराल से अपने मायके में शिवनंदनपुर बिश्रामपुर आई 33 वर्षीय महिला आनलाइन ठगी का शिकार हो गई। साइबर अपराधी ने झांसे में लेकर महिला से 16 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली। महिला की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध चार सौ बीसी का अपराध दर्ज कर लिया है।

इसकी रिपोर्ट ठगी की शिकार महिला ने थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने बताया कि विगत छह सितंबर को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति के व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से फुटबाल डिजिटल मीडिया का मैसेज आया और उसमें बताया गया कि व्हाट्सएप के लिंक को फालो करने पर प्रति लिंक 50 रुपये मिलेंगे। मैसेज को ओके करके लिंक भेजने का व्हाट्सएप करने पर उसके व्हाट्सएप पर तीन लिंक भेजा गया जिस पर उसने क्लिक कर मैसेज किया कि अब क्या करना है उसके बाद आरोपित द्वारा उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक सेटलमेंट कोड भेजा गया और बताया गया कि आपको टेलीग्राम के रिशेस्पनिस्ट पूजा की टेलीग्राम आइडी पर सेटलमेंट कोड को मैसेज करना होगा। तब आपको तीनों लिंक फॉलो करने का 150 रुपए जी पे माध्यम से प्राप्त होगा। ऐसा करने पर उसके खाते में जी पे के माध्यम से 150 रुपए पेमेंट करने का स्क्रीनशॉट आया और अपने अकाउंट को चेक करने पर उसे सही पाया। उसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप का लिंक आया और ज्वाइन करने हेतु मैसेज कर बताया गया कि कुल 20 टास्क होंगे और 50 रुपये प्रति टास्क आपको दिया जाएगा। यह भी बताया गया कि किसी भी टास्क को छोड़ने पर कमीशन घटकर 25 रुपये हो जाएगा। इस तरह छह सितंबर को उसे सात हजार रुपये लगाने पर उसके खाते में 9450 रुपए प्राप्त हुए। प्रलोभन देने के बाद साइबर अपराधी ने आठ सितंबर को उसकी टेलीग्राम आईडी पर टास्क स्टार्ट होने का मैसेज आया तो उसने फिर उसमें भाग लिया। जिसमें 14 टास्क करने पर 13 इंस्टाग्राम लिंक फॉलो टास्क और एक मर्चेंट प्रीपेड टास्क पर गूगल पे व मोबाइल बैंकिंग से 16 लाख 33 हजार रुपये ट्रांसफर करवाया गया और ट्रांसफर की गई रकम का कोई कमिशन तथा उसके द्वारा जमा की गई रकम को वापस नहीं किया गया। उसके बाद सेटलमेंट करने के लिए पर्सनल इनकम टैक्स के रूप में सात लाख 70 हजार रुपए की मांग किए जाने पर उसे शंका होने पर पता चला कि वह ठगी की शिकार हो गई है। ठगी की शिकार महिला की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराबी पत्नी को घंटों पीठ पर उठाकर घूमता रहा पति

**सूरजपुर।** नगर में पति नशे में धुत्त पत्नी को पीठ पर उठाकर घूमता रहा दोनों पति पत्नी रामानुजनगर विकासखंड से कोट पटना से सूरजपुर में एक भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए हुए थे। भोज में शामिल होने से पहले दोनों ने शराब का सेवन किया। इसके बाद पत्नी सड़क किनारे नशे में धुत होकर गिर पड़ी।

पति ने अपनी पत्नी को अकेले नहीं छोड़ा और पीठ में लादकर लगभग तीन चार किलोमीटर तक नगर पालिका सूरजपुर में पैदल चलता रहा। पति ने बताया कि पत्नी को नशा चढ़ जाने के कारण उसे अकेला नहीं छोड़ सकता था इसलिए पीठ पर लादकर घर ले जा रहा है।

# एक साल पूरे हुए भारत जोड़ो यात्रा को जिले में, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम

**कोरिया/बैकुंठपुर।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे होने कोरिया जिला बैकुंठपुर राजीव भवन में गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगाठ मनाई गई। दौरान संगोष्ठी का भी कार्यक्रम रखा गया । सभा को संबोधित करते हुए कोरिया जिला प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवम पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने कहा कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रियता, धर्म, सांप्रयिदकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं ऐसे हालातों में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है।

जब देश चलाने वाले दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार को पीछे धकेलकर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं तब उस समय कांग्रेस जैसी पार्टी का नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य हो जाता है कि वो देश को बचाने देश की एकता व अखंडता को बचाने के लिए भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये और भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था। ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी और इस यात्रा से नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का संदेश दिया।

सभा करने के पश्चात राजीव भवन बैकुंठपुर से गांधी पार्क तक जोड़ो जोड़ो,भारत जोड़ो, नफरत छोड़ो नारा लगाकर पदयात्रा किया गया। इस पदयात्रा




के माध्यम से संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन चिंतामणि महाराज,नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पदयात्रा निकाल कर प्रेम और शांति का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर,प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुख्तार अहमद,कृषि उपज मंडली अध्यक्ष बृजवासी तिवारी, सांसद प्रतिनिधि एवम राजीव गांधी पंचायती राज संगठन संभागीय अध्यक्ष संगीता राजवाड़े ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, अजीत लकड़ा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह,जिला महामंत्री प्रवीण भट्टाचार्य, प्रदेश महमंत्री पिछड़ा वर्ग रविशंकर राजवाड़े , जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अनिल जायसवाल,बिहारी लाल राजवाड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव,वरिष्ठ कॉन्ग्रेसी सत्य प्रकाश तिवारी, अनिरुद्ध सिंह , प्रभु दयाल एक्का, मो.हुसैन, नरेश जायसवाल, सुरेंद्र तिवारी, साहब अख्तर, विजय सिंह, विकास श्रीवास्तव,शिवपुर चर्चा नगरपालिका अध्यक्ष लालमुनी यादव नगर पालिका बैकुंठपुर नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह,पार्षद साधना जायसवाल, एल्डरमैन सौरभ गुप्ता,लक्ष्मी सिंह, रकीबा बेगम, असगरी सिद्दीकी, सुरेंद्र तिवारी, धीरज सिंह, रामकृष्ण साहू, मोहित सिंह पैकरा, अमित दुबे,विकास श्रीवास्तव,सुजीत सोनी,अमन देवांगन निलेश पांडे, रामकुमार यादव अरविंद सिंह, दीपक गुप्ता, राकेश जयसवाल, विकास शिवहरे, विनोद शर्मा, दिनेशराजवाड़े, दिलीप, आशीष साहू,सहित भारी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिसकर्मियों पर हमले के दो फरार आरोपित गिरफ्तार



**सूरजपुर।** बसदेई चौकी क्षेत्र के बीरमताल खड़गवां गांव में दो पक्षों में विवाद की सूचना पर पहुंची बसदेई पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा प्राण घातक हमला कर एक एएसआई समेत चार पुलिस कर्मियों को घायल करने के मामले में बसदेई पुलिस ने फरार दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में इससे पूर्व नौ आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है। मामले में अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है। 29 अगस्त को बसदेई पुलिस को सूचना मिली थी कि बीरमताल खड़गवां गांव में दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हो रहा है। ग्रामीण राजेश साहू के घर में लड़ाई झगड़ा करने पहुंचे हैं और गाली गलौज करते हुए उसके घर को जलाने की धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलने पर एएसआई मानिक दास पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद ग्रामीणों को समझाने की कोशिश करने लगे। उसी दौरान वहां लाठी डंडा राड से लैस होकर पहुंचे 30 से 40 ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर प्राण घातक हमला कर दिया था। हमले में एक एएसआई समेत एक प्रधान आरक्षक, एक आरक्षक व एक नगर सैनिक घायल हो गए थे। जिनमे प्रधान आरक्षक निर्मल मिंज एवं नगर सैनिक बृजेश साहू गंभीर रूप से घायल है। जिनका अंबिकापुर में इलाज जारी है। मामले में घटना के बाद से ही फरार आरोपित कुंज बिहारी उर्फ कुंजी पिता मोहन बियार 36 वर्ष एवं विजेंद्र बियार पिता प्रेम बियार 24 वर्ष निवासी खड़गवां को बसदेई पुलिस ने घेराबंदी कर धारा 147, 148, 149, 186, 332, 333, 353, 307, 294, 506, 323 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।





# फुटबाल ग्राउण्ड में शिविर लगाकर लिया गया संकल्प

**चिरमिरी।** चिरमिरी में विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन डोमनहिल फुटबॉल ग्राउंड में किया गया। जिस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमारी सैलजा, प्रभारी महासचिव एआईसीसी, टी.एस. सिंहदेव उप मुख्यमंत्री, दीपक बैज, अध्यक्ष पीसीसी, डॉ. चरणदास महत अध्यक्ष विधानसभा, मोहन मरकाम प्रभारी मंत्री, राजेश तिवारी, सचिव एआईसीसी, श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा लोकसभा क्षेत्र अतिथिगण शामिल होने थे लेकिन मौसम विभाग की रुकावट के कारण निर्धारित अतिथियों की अनुपस्तिथि में भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने कार्यक्रम की कमाल सभालते हुए एक दिवसीय शिविर के मुख्य अतिथि बन कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। उपस्थित सभी बूथ,सेक्टर एवं जोन के पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की रीती निति पर संकल्पित होकर पुनः छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी सरकार बनाने की शपत दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित मनेंद्रगढ़ विधायक माननीय डॉक्टर विनय जायसवाल ने भी अपने शब्दों में कार्यकर्ताओं को चार्ज किया और विधानसभा चुनाव में कमर कस मैदान में उतरने की बात कही। कार्यक्रम को और भी वक्ताओं ने सम्बोधित किया। एक दिवसीय संकल्प शिविर में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, श्रीमती कंचन जायसवाल महापौर नगर निगम चिरमिरी, सुभाष कश्यप ब्लाक अध्यक्ष चिरमिरी, निगम पार्षदगण, सहित ब्लाक, युथ, महिला, सेवा दल, नगर पालिक निगम चिरमिरी के निर्वाचित पार्षद, एल्डरमैन के साथ राकेश श्रीवास्तव, गोपाल द्विवेदी, सहित ब्लाक कांग्रेस चिरमिरी के साथ सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में शिक्षक दिवस पर सम्मान, दायित्व के प्रति निष्ठा की शपथ

**कोरिया/बैकुंठपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर में सेजेस बैकुण्ठपुर के बच्चों ने अपने शिक्षकों के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए बड़ी ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया।

सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों ने अपने विद्यालय के पसंदीदा शिक्षकों का अभिनय कर कक्षा में जाकर अपने छोटे भाई-बहनों को पढ़ाया व विद्यालय का पूरा संचालन बच्चों के द्वारा ही किया गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा समस्त शिक्षकों का अक्षत तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान करके स्वागत किया गया। उसके बाद केक काटकर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। बच्चों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने शिरकत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा विभिन्न क्विज प्रतियोगिता एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया व अपने विद्यार्थी जीवन काल को दोबरा जीवंत करने का



अवसर प्राप्त किया। इसके उपरांत कविता, कहानी एवं गीत आदि के माध्यम से बच्चों ने गुरु की महिमा के बारे में बताया। प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने सभी बच्चों व शिक्षकों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के बारे में बताते हुए उनके जीवन की अच्छी घटनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि हमें भी इन महापुरूषों की अच्छाईयों को अपनाते हुए एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बनना चाहिए। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है एक संस्कारवान एवं ज्ञानवान पीढ़ी के निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे अहम होती हैं इसलिए हमें हमेशा अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए एवं उनके बताए गये रास्तों पर चलने का पूर्ण प्रयास करना चाहिए। तभी हम एक सफल व्यक्ति एवं सफल नागरिक बन सकते है। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात सभी शिक्षकों को छात्रों द्वारा उनका फोटो लगा फेम उपहार स्वरूप दिया। इसके अतिरिक्त अपने-अपने कक्षा शिक्षकों एवं विषय शिक्षकों को बच्चों ने पेन, डायरी, ग्रीटिंग कार्ड आदि भी भेंट किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कनिष्का सिंह, सुनीधि सिंह, अनुज्ञा तिवारी, शौर्य मिश्रा, मिली नायक वाहिद अहमद, यशवर्धन सिंह, अंजू साहू, नव्या सिंह, शना परवीन, रितिका तिवारी, साक्षी राजवाड़े, मधु राजवाडे आदि विद्यार्थियों एवं शशि भूषण पाण्डेय, माधवी गुप्ता, श्वेता सिंह, शालिनी सिंह श्याम, रूपलेखा पाण्डेय, स्नेहा कुमारी, सौरभ नामदेव, टेकनारायण सिंह, शांतनु सिंह, विनय देशमुख, श्वेता चौरसिया, राहुल जायसवाल, ज्योति सिंह, चयन सिंह, उत्कर्ष पाण्डेय, श्वेता सांडे, प्रियंका यादव, जी. विनीता एवं समस्त स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षक दिवस के अवसर में प्राचार्य महोदय द्वारा अपने समस्त स्टॉफ को शिक्षक के सबसे शक्तिशाली हथियार पेन और डायरी उपहार स्वरूप प्रदान किया।

## सभी पंचायतों में ग्राम सभा 13 से

**बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा के शेष हितग्राहियों एवं छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के आवासहीन परिवारों की पात्रता/अपात्रता के परीक्षण के संबंध में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों के सभी ग्रामों में 13 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 तक विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के आदेश जारी किये गये हैं। छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6(2)(क) के तहत् गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत् उपस्थिति का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा।

## चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखने टीम गठित

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए विधानसभावार सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़नदस्ता दल का गठन किया है। गठित दल के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, अपर कलेक्टर/व्यय अनुवीक्षण नोडल/उप जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय कर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06-प्रतापपुर हेतु संभागीय लेखाधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बलरामपुर राजेश कुमार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज हेतु लेखाधिकारी, पीएमजीएसवाई राजपुर रमाकान्त राय तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी हेतु लेखाधिकारी, जिला पंचायत बलरामपुर प्रेमशंकर तिवारी को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। वहीं लेखा दल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06-प्रतापपुर हेतु संभागीय लेखा अधिकारी, जल संसाधन विभाग रामानुजगंज नीरज अभिषेक एक्का एवं सहायक ग्रेड 02 ग्रामीण यांत्रिक सेवा राजेश्वर प्रसाद यादव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज हेतु संभागीय लेखा अधिकारी, जल संसाधन विभाग विनोद कुमार शर्मा एवं सहायक ग्रेड-02, आदिवासी विकास विभाग राजेश भगत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी हेतु संभागीय लेखाधिकारी, लोक निर्माण विभाग शुभाशीष केरकेट्टा एवं सहायक ग्रेड-02 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुरेन्द्र कुमार गुप्ता गठित दल में शामिल हैं। विडियो निगरानी दल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06-प्रतापपुर हेतु वरिष्ठ करारोपण अधिकारी वाड्रफनगर शिवकुमार आयम एवं सहायक ग्रेड-3 तहसील रघुनाथनगर विनोद कुमार पनेरी व रामानुजगंज हेतु करारोपण अधिकारी बलरामपुर लवंगसाय भगत को प्रेक्षक बनाया गया।

**इस साल 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की आशा**

# छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ऑनलाईन राशि वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों के बैंक खातों में 23 करोड़ 93 लाख रूपए अंतरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल बारिश अच्छी हो रही है और उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है। हमारी सरकार हर साल धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाया है। इस साल हमें आशा है कि 125 लाख मीट्रिक धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार भी छत्तीसगढ़ से चावल खरीदी का कोटा घटा दिया है, हमारे बारदाने का कोटा भी कम कर दिया है। मैंने इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गौठानों में चार रूपए लीटर की दर से गौमूत्र खरीदकर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं इससे ब्रह्मास्त्र और जीवामृत तैयार कर रही है, जिसे किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान अब महंगे पेस्टीसाइट के बदले जैविक कीटनाशक ब्रह्मास्त्र और जीवामृत का उपयोग करने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में बटन दबाकर गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 23 करोड़ 93 लाख रूपए ऑनलाईन राशि अंतरित की। जिसमें गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 1.63 करोड़ रूपए एवं स्व-सहायता समूहों की 1.14 करोड़ रूपए की लाभांश राशि के साथ ही स्व-सहायता समूहों को 12.32 करोड़ रूपए तथा सहकारी समितियों को 1.23 करोड़ रूपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि और स्वावलंबी गौठान समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 2.25 करोड़ रूपए की मानदेय राशि शामिल है। शनिवार को गोधन न्याय योजना के तहत हितग्राहियों को 29 करोड़ 93 लाख रूपए के भुगतान के बाद अब तक कुल 581.24 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शनिवार को गौठानों में 15 अगस्त से 31 अगस्त तक क्रय किए गए 2.68 लाख क्विंटल गोबर के एवज में गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़ रूपए का ऑनलाइन भुगतान किया। गौठानों में अब तक 133.22 क्विंटल गोबर की खरीदी हो चुकी है, जिसकी एवज में पशुपालन किसानों को 261.08 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 9 सितम्बर को 5.36 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद गोबर क्रय की कुल राशि 266.44 करोड़ रूपए हो गई है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 09 सितम्बर को भुगतान की जाने वाली 2.77 करोड़ रूपए की राशि के बाद इनको होने वाले भुगतान की राशि 275.01 करोड़ रूपए हो गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मौके पर गोबर से कम्पोस्ट खाद के उत्पादन से जुड़े स्व-सहायता समूहों को कम्पोस्ट खाद के विक्रय पर प्रति किलोग्राम एक रूपए के मान से कुल 12 करोड़ 32 लाख रूपए तथा सहकारी समितियों को प्रति किलो 10 पैसे मान से कुल 1 करोड़ 23 लाख रूपए प्रोत्साहन राशि के रूप में ऑनलाईन जारी की।

मुख्यमंत्री स्वावलंबी गौठानों के 42 हजार 644 सदस्यों को मानदेय के रूप में 2 करोड़ 25 लाख रूपए उनके बैंक खातों में अंतरित किए। गौरतलब है कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी के मामले में स्वावलंबी गौठान समितियों की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य में निर्मित एवं संचालित 10288 गौठानों में से 6252 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर विक्रेताओं से गोबर क्रय कर रहे है। स्वावलंबी गौठानों ने अब तक 76 करोड़ 42 लाख रूपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रबंध संचालक गोधन न्याय मिशन डॉ. अय्याज फकीर भाई तंबोली, राज्य नोडल अधिकारी रीपा गौरव सिंह, संचालक कृषि एवं पशुधन श्रीमती चंदन त्रिपाठी, उप सचिव श्रीमती तूलिका प्रजापति, राज्य नोडल अधिकारी एन.एल.आर.एम. श्रीमती पद्मिनी भोई साहू एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राजीव गांधी युवा मितान क्लब





**युवाओं में**

**✻ नेतृत्व क्षमता का विकास**

**✻ स्वच्छता अभियान ✻ स्वावलंबन**

**✻ शिक्षा एवं सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा**


**✻ खेलों के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना**

राजीव युवा मितान क्लब को अब तक
133 करोड़ रूपए का अनुदान

प्रत्येक क्लब को खेल, सांस्कृतिक एवं
सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रतिवर्ष
एक लाख अनुदान

प्रदेश में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में
13242 राजीव गांधी युवा मितान क्लब गठित

S-36779/66



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# खराब स्थिति में मिला चरवाहे का शव, हत्या का संदेह

### 4 दिन से लापता था मृत ग्रामीण



**कोरबा।** आंछीमार गांव में संरक्षित जनजातीय पहाड़ी कोरवा समुदाय के की अत्यंत खराब स्थिति में डोमनाला में लाश मिली है। मृतक एक माह से अपने एक साथी के साथ कर्रानारा में मवेशी चरा रहा था। चार दिन पहले वह तबीयत खराब होने पर घर जाने निकला था। परिजनों ने युवक की मौत पर हत्या की आशंका जाहिर की है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाही उपरांत जांच प्रारंभ कर दी है।

कोरबा के सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत ग्राम पंचायत करूमौहा के आश्रित ग्राम आंछीमार में मुनीराम पहाड़ी कोरवा परिवार सहित निवास करता है। उसका पुत्र तुलसी राम कोरवा 26 वर्ष रोजी मजदूरी करता था। बताया कि लगभग एक माह पहले उरगा क्षेत्र के ग्राम कर्रानारा में रहने वाला परसराम चरवाहे की तलाश में आंछीमार पहुंचा। उससे बातचीत के बाद तुलसी और जुगुत राम कोरवा मवेशी चराने कर्रानारा चले गए। वे करनारा स्थित सामुदायिक भवन में रहकर मवेशी चराने का काम कर रहे थे। सोमवार को तबीयत खराब होने पर तुलसी घर जाने की बात कहकर निकला, लेकिन गांव नही पहुंचा। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। वे शुक्रवार को तुलसीराम के लापता होने की सूचना देने सिविल लाइन थाना पहुंचे, जहां से उन्हें उरगा थाना भेज दिया गया । उरगा थाना पहुंचने पर परिजनों को कर्रानारा के समीप डोमनाला में एक युवक के लाश मिलने की जानकारी हुई। उन्होंने शव रेखते ही मृतक की पहचान कर ली। उरगा लाला में एक युवक की सड़ी गली लाश होने की सूचना मिली थी। पुलिस शव को मर्क्युरी में रख पहचान का प्रयास कर रही थी। मामले में मृतक के पिता मनीराम ने अपने पुत्र के हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बेटे के साथ जरूर कुछ न कुछ अनहोनी घटित हुई है। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पोष्टमार्टम रिपोर्ट से युवक की मौत का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मर्ग रजिस्टर किया है। पुलिस ने कहा है कि परिजनों के साथ-साथ अन्य संबंधित लोगों से इस बारे में पूछताछ की जाएगी और इस आधार पर आगे नतीजे तक पहुंचा जा सकेगा।

### लगातार कम हो रही सरंक्षित वर्ग की संख्या जिले में

भारत सरकार के द्वारा अनेक जनजातियों को विशेष कारण से अत्यंत सरंक्षित केटेगरी में शामिल किया है और इन्हें बचाने के लिए लगातार कई योजना चला रही है। इसके अंतर्गत खान-पान से लेकर स्वास्थ्य और संसाधन पर ध्यान दिया जा रहा है। फिर भी कई कारणों से उनकी संख्या गिर रही है।

## कोयला कामगार हड़ताल के लिए तैयार

**कोरबा।** भारतीस कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा कुसमुंडा एसईसीएल प्रबंधन को 10सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। अभी तक प्रबंधन के द्वारा वार्ता के लिए नही बुलाया गयस है। राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर और अमिया मिश्रा ने मुख्यालय में जाकर भी इसकी जानकारी दी थी। मामले को गंभीरता से नही लेने पर कोयला कामगार शुक्रवार को हड़ताल पर जा सकते है। इसके लिए सूचना कल प्रबंधन को दी जाएगी। अमिया मिश्रा ने बताया कि कोयला कामगार कई समस्याओं से जूझ रहे है। सारा धूल आवासों में घूस जाता है। मार्ग पर ट्रकों के खड़े होने से कामगारों को आने जाने में दिक्कतें हो रही है। जिसके लिए प्रबंधन को पत्र लिखा गया था। अब कोयला कामगार हड़ताल की तैयारी में जुट गए है।

## लोगों को हो रही परेशानी

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी सहित आस-पास में रहने वालों को कोरबा आने-जाने में काफी परेशानी होती है। मानिकपुर रेलवे फाटक कई घंटो तक बंद रहता है। यहां के नागरिक जाम में फंस जाते है। रेलवे पुल पर बाइपास मार्ग बनाने की मांग यहां के नागरिकों द्वारा कई बार की जा चुकी है। श्रमिक नेता राजू श्रीवास्तव का कहना है कि बाइपास मार्ग बनाने के लिए लगातार मांग करते रहे है।

# दूसरों की दुकान के सामने पार्किंग, कब होगी कार्रवाई



शारदा सेल्स के सामने खड़ी वाहन आसपास के लोगों की हैं...

**कोरबा।** त्योहार जा सीजन शुरू होने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बिगाड़ना वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। सीएसईबी चौराहे के नजदीक कुछ दुकानों के सामने आसपास के कारोबारी के द्वारा कर और बाइक खड़ी कर देने के कारण समस्या पेश आ रही है और दुकानदारी पर सीधा असर पड़ रहा है।

ट्रांसपोर्ट नगर से सीएसईबी चौराहे को जाने वाले रास्ते पर बड़ी संख्या में व्यावसायिक संस्थान पहले से खुले हुए हैं और अब इनमें नए सिरे से बढ़ोतरी हो रही है। कारोबारी ने अपने लाभ के लिए कई प्रकार की वैरायटी दुकानों में रखी है लेकिन वहां पर आने वाले ग्राहकों के वाहनों को खड़ा करने के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था का प्रबंध नहीं किया है। इसी इलाके में एक होटल शुरू होने के साथ समस्या का विस्तार हो गया है। बड़ी संख्या में कर और दुपहिया के साथ यहां पहुंचने वाले ग्राहकों के द्वारा शारदा सेल्स के सामने के परिसर में अवैध तरीके से गाड़ियों को पार्क किया जा रहा है। ऐसे में इस संस्थान का संचालन करने में दिक्कत आ रही है और ग्राहक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए कि वे अपनी गाड़ियों को कहां रखें। बताया जाता है कि सुबह से लेकर शाम तक यही सिलसिला यहां पर बना रहता है।

दुकान के संचालक गौरी शंकर अग्रवाल ने बताया कि कई मौकों पर यहां वाहन यातायात पुलिस के द्वारा आवागमन व्यवस्था बाधित करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रही है लेकिन इस इलाके में ना तो गाड़ियों पर व्हीकल लाक किया गया है और ना ही किसी तरह की पेनल्टी की गई है। इसके कारण व्यवस्था बिगड़ने वाले कारोबारी के अलावा वाहन चालकों का मनोबल बढ़ा हुआ है और कुल मिलाकर इसके चलते हमारी आर्थिक गतिविधियों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। यातायात पुलिस का ध्यान इस अव्यवस्था की तरफ आकर्षित किया गया है और अपेक्षा की गई है कि जल्द ही इसका ध्यान रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मानसिकता बनाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री की सभा 14 को रायगढ़ में, जिले से बल रवाना



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 14 सितंबर को रायगढ़ के आड़ोतराई मैदान में आयोजित विशाल जनसभा कार्यक्रम के दौरान कोरबा से एएसपी अभिषेक वर्मा के नेतृत्व 90 सदस्यीय पुलिस बल आज रायगढ़ के लिए रवाना हुआ। यह बल सभा कार्यक्रम तक वहीं शांति व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से डटे रहेगा।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा रायगढ़ जिले में आगामी 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भारी संख्या में पुलिस बल सरहदी जिलों से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा के एएसपी अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में कटघोरा एसडीओपी प्रशांत ठाकुर, दर्री सीएसपी राबिशन गुड़िया के अलावा सिटी कोतवाली कोरबा टीआई रूपक शर्मा, पाली टीआई अभिनव पाल सिंह, सिविल लाईन टीआई नितिन उपाध्याय, उरगा टीआई युवराज तिवारी तथा रक्षित केन्द्र में पदस्थ टीआई मनीष नागर, रायगढ़ भेजे जा रहे है। बताया जाता है कि इनके अलावा जिला बल से दादु रैय्या सिंह, श्री खांडेकर एवं नवल साय समेत सात उपनिरीक्षक तथा अश्वनीनिरंकारी, खगेश राठौर समेत 12 सहायक उपनिरीक्षक रायगढ़ के लिए रवाना किये गए। वहीं इसी क्रम में यातायात थाने से एएसआई तरूण जायसवाल, ईश्वरी लहरे, संजय नायक, प्रधान आरक्षक साहेब खटकर, पवन सिंह, संतोष सिंह व आठ आरक्षक भी रवाना हुए। यह बल पूरे कार्यक्रम तक वहां अपनी सेवाएं देते रहेगा।

## इमलीछापर क्रासिंग पर प्रदर्शन कल

**कोरबा।** भू-विस्थापितों से संबंधित रोजगार, मुआवजा और बसाहट मुद्दे को लेकर संगठन के द्वारा 11 सितंबर को इमलीछापर रेलवे क्रासिंग पर प्रदर्शन किया जायेगा। संगठन ने रेलवे और पुलिस को इस बारे में सूचना दी है।

# गणेश चतुर्थी के लिए तैयारी, मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

### विभिन्न व्यवसाय को रहती है प्रतीक्षा



**कोरबा।** भाद्रपद मास की चतुर्थी से विघ्न विनाशक भगवान गणेश का महोत्सव शुरू हो रहा है। शहरी और गारमेंट क्षेत्र में इसके लिए तैयारी का सिलसिला जारी है। इस उत्सव के अंतर्गत कई प्रकार के व्यवसायों को आर्थिक मजबूती मिलती है इसलिए संबंधित उद्यमियों को इस पर्व की काफी प्रतीक्षा रहती है।

औद्योगिक जिले कोरबा में शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव पर्व धूमधाम से मनाने की परंपरा पिछले अनेक वर्षों से रही है। इस परंपरा का निर्वहन इस बार भी पूरी भव्यता के साथ होगा। अभी से बड़े पूजा पंडाल बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं जबकि छोटे स्तर पर होने वाले आयोजन के लिए इंतजार किया जा रहा है। जिले में मूर्ति बनाने वाले शिल्पकारों की संख्या सीमित है। जबकि इसी व्यवसाय में कुछ शिल्पकार दूसरे राज्यों से यहां पर पहुंचे हुए हैं। मूर्तिकार बताते हैं कि कोविद-19 का दौर खत्म होने के बाद छोटे और बड़े स्तर पर गणेश आयोजन करने को लेकर लोगों में काफी उत्साह जगा हुआ है। नागपुर की तुलना में कच्चा माल और लेबर चार्ज बढ़ाने से इस बार थोड़े महंगे दर पर मूर्तियां उपलब्ध कराई जा रहे हैं। विश्वकर्मा, गणेश और दुर्गा पूजा के बाद दीपावली पर तैयार होने वाली दीपमालिका, मिट्टी के दीपको से शिल्पकारों की जीविका पूरे जीवन पर सुनिश्चित होती है। कोरबा जिले में लाखों रुपए कीमत की प्रतिमा हाथों-हाथ आयोजकों को मुहैया हो जाती हैं। शिल्पकार बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर यह व्यवसाय हमारे लिए काफी सुविधाजनक है और सबसे अच्छी बात यह है कि लोग इस मामले में किसी प्रकार का मोलभाव करने को लेकर उत्साहित नहीं रहते।

### कारोबारियों ने की तैयारी

विश्वकर्मा पूजा और गणेश से पर्व को लेकर स्थानीय के साथ-साथ जिले के बाजार में काफी रौनक अभी से नजर आ रही है। नारियल के साथ-साथ प्रसाद सामग्री का कारोबार ही लाखों में होने की संभावना जताई जा रही है।

फल से लेकर सजावटी सामान, की वेरायटी बाजार में उपलब्ध हो गई है। इसके साथ ही फ्लावर डेकोरेशन पर लाइट साउंड का व्यवसाय करने वाला वर्ग भी इस त्योहार से अपने लिए काफी संभावनाएं तलाश रहा है।

# सिरमिना सर्किल में हाथियों ने बढ़ाई परेशानी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल में इन दिनों 41 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें 10 नर, 23 मादा व 8 बच्चे शामिल है। हाथियों के इस दल द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाकर फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण काफी परेशान है।

हाथियों के इस दल ने बीती रात फिर उत्पात मचाते हुए बगबुड़ी, पाली, दर्रीपारा, दुल्लापुर एवं कुलहरिया में 7 ग्रामीणों की फसल रौंद दी। जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इससे पहले इस दल द्वारा कोरबी सर्किल में डेरा डालकर लगातार उत्पात मचाया जा रहा है। लेकिन पिछले दो दिनों से दल सिरमिना सर्किल पहुंच गया और वहां भी उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। रेंज के ही कोरबी सर्किल में अभी भी एक लोनर हाथी अकेले घुम रहा है। लोनर हाथी ने उड़ानबहरा में पहुंचकर ग्रामीणों के बाड़ी व खेतों में लगे मक्का तथा धान फसल को चौपट कर दिया है। इससे चार ग्रामीण प्रभावित हुए है। जिनके फसल उत्पात से मटियामेट हुई है। इधर कोरबा वन मंडल के पसरखेत के बासीन गांव में मौजूद हाथी बीती रात आगे बढ़कर कुदमुरा रेंज के लबेद पहुंच गया। जबकि दो दंतैल कलमीटिकरा जंगल में है। हाथियों ने फिलहाल रेंज में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है और जंगल ही जंगल विचरण कर रहे है। फिर भी सावधानी बतौर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

## प्रदेश मंत्री राठौर का बांगो दौरा

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ के द्वारा सभी विद्युत संयंत्रों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के मंत्री यशवंत राठौर के द्वारा आज छुरी कटघोरा व बांगो में जाकर बिजली कर्मचारियों से मुलाकात करेगें। कल भी जांजगीर में प्रदेश के महामंत्री नवरत्न बरेठ प्रदेश उपाध्यक्ष शब्बीर मेमन के द्वारा जांजगीर में जन जागरण अभियान चलाया गया था।


ओम श्रीहरि
प्लाट बेचना है
कोरबा के किसी भी लोकेशन में रजिस्ट्री-डायवर्सन/जमीन/मकान बेजा कब्जा घर खरीदी/बिक्री के लिए
संपर्क करें
62681-46606


# वेदांता का 'प्रोजेक्ट पंछी' सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित लड़कियों को बनाएगा सशक्त



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता के 'प्रोजेक्ट पंछी' को किया लॉन्च, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से हाशिये पर रह गए समुदायों की 1000 युवा लड़कियों के जीवन में बदलाव लाना है। वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल की समाज को वापस देने की सोच को साकार करते हुए भर्ती अभियान इन लड़कियों को प्रगति के नए अवसर प्रदान करेगा। इस परियोजना से लड़कियां आर्थिक एवं सामाजिक बाधाओं को पार कर अपनी शिक्षा पूरी करने तथा स्थायी आजीविका हासिल करने में सफल होंगी।

पंछी परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में 86 लड़कियों को चयन पत्र दिया गया। इन युवतियों में कई पहली पीढ़ी की शिक्षार्थी हैं जो आर्थिक परिस्थितिओं के कारण 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ चुकी थी। चयनित लड़कियों को वेदांता लिमिटेड के एल्यूमिनियम व्यवसाय के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्री दिलीप सिन्हा और बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार के नेतृत्व में चयन पत्र दिया गया। प्रोजेक्ट पंछी कंपनी के अन्य व्यावसायिक स्थानों जैसे, ओडिशा के लांजीगढ़, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ में भी चल रहा है। सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित करने के लिए वेदांता ने प्रत्येक स्थान पर विशेष चयन प्रक्रिया लागू की है। चयनित होने के बाद इन बेटियों को ख्याति प्राप्त शैक्षिक संस्थानों से उनकी उच्च शिक्षा को मान्यता दिया जाएगा और डिग्री मिलने के बाद औपचारिक रूप से मुख्य संचालन में स्नातक प्रशिक्षुओं के रूप में वेदांता समूह में शामिल किया जाएगा। बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि वेदांता समूह ने स्वावलंबन के क्षेत्र में 'पंछी' परियोजना से अनूठी शुरुआत की है, जो बेटियों को उनके अधूरे सपनों को साकार करने का रास्ता दिखाएगी। वेदांता समूह ने सामुदायिक विकास कार्यों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस परियोजना से हम एक उज्जवल भविष्य की तैयारी कर रहे हैं, जहां ये सशक्त बेटियां अपने जीवन और आसपास के समाज को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वेदांता प्रतिभाओं की तलाश करने और उन्हें देश के विकास में योगदान के लिए तैयार करने की दिशा में कटिबद्ध है। वेदांता एल्यूमिनियम बिजनेस के सीएचआरओ दिलीप सिन्हा ने कहा कि प्रोजेक्ट पंछी वेदांता में विविधता को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण को मजबूत करेगा। लड़कियों को शिक्षा और पेशेवर अवसरों तक पहुंच प्रदान करके वेदांता समूह उनके विकास पथ को नई दिशा दे रहा है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इससे हमारी बेटियां सशक्त होंगी और समाज को आगे लेकर जाएंगी। ये बेटियां वेदांता के भीतर सकारात्मक बदलाव और नवाचार के लिए उत्प्रेरक बनेंगी और हमारी सामूहिक सफलता को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगी। प्रोजेक्ट पंछी में चयनित सुधा के पिता प्रमोद मानिकपुरी ने वेदांता के प्रति साधुवाद देते हुए कहा कि अभिभावक के रूप में मैंने हमेशा बच्चों को शिक्षा और विकास के सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने का सपना देखा था। आर्थिक परिस्थितियों के कारण मेरे सपने टूट से गए थे, लेकिन 'प्रोजेक्ट पंछी' आशा की किरण के रूप में सामने आया है। इससे मेरी बेटी को स्नातक की पढ़ाई पूरी करने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। यह पहल हमारे जैसे परिवारों के लिए एक जीवन रेखा है जो हमारी बेटी को नई उंचाईयों तक लेकर जाएगी। बेलगरी बस्ती की निशा पात्रे ने वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस तरह की पहल हमें सशक्त बनने में मदद करेगी।

पंछी परियोजना के इस कार्यक्रम ने मुझे आगे बढ़ने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। अब मैं ऐसे भविष्य की आशा कर रही हूं जहां मैं अपने सपनों को प्राप्त करने तथा परिवार वालों की आर्थिक मदद करने और एक उज्जवल एवं समृद्ध कल के लिए मंच तैयार कर सकूं। मैं आत्मनिर्भरता की इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनकर खुश हूं, जिसका वादा 'प्रोजेक्ट पंछी' ने मुझसे किया है। प्रोजेक्ट पंछी सामाजिक सशक्तिकरण और विविधता के प्रति वेदांता समूह की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है जो पूरे भारत में इसके विभिन्न व्यवसायों में फैला है। यह परियोजना ग्रामीण समुदाय के भीतर विविधता, समावेशन को बढ़ावा देने और सामाजिक बदलाव लाने के वेदांता के लक्ष्य को दर्शाती है। यह वंचित, दूरदराज के समुदायों में योग्य बेटियों के लिए अवसर प्राप्ति के साथ स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करके धातु एवं खनन क्षेत्र के भीतर जेंडर डायवर्सिटी को बढ़ावा देती है।





होटल देवांश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
लक्जरी रूम
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)

होटल आकाश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
लक्जरी रूम
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com